UPHIN/2011/39718
(डिजिटल संस्करण)
बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार




# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition
यंग भारत
वेब न्यूज़
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ
वर्ष-14 अंक-247 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) गुरूवार 20 अगस्त 2026 youngbharatE-paper.com

## यूपी 2027 चुनाव से पहले बीजेपी का बड़ा धमाका! कटेगा 200 विधायकों के टिकट... विनोद तावड़े बना रहे रिपोर्ट कार्ड






**( यंग भारत न्यूज )**

प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भाजपा (बीजेपी) ने अपनी तैयारियां अब तेज करती नज़र आ रही हैं। सत्ता में लगातार तीसरी बार वापसी के लिए पार्टी का मुख्य फोकस अब 10 साल की एंटी इनकंबेंसी को खत्म करने पर बताया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि पार्टी इस बार बड़ी संख्या में मौजूदा विधायकों यानी सीटिंग विधायकों ( के टिकट काट सकती है। खबर के अनुसार, लगभग 200 सीटिंग विधायकों के टिकट काटे जाने की तैयारी है। हालांकि, किन विधायकों का टिकट कटेगा, इसकी अंतिम लिस्ट अभी सामने नहीं आई है। बीजेपी के क्कप्रभारी बनाए गए विनोद तावड़े को विधायकों के प्रदर्शन और जमीनी स्थिति का आकलन करने की जिम्मेदारी दिए जाने की बात कही जा रही है। बताया गया है कि भले ही उन्हें प्रदेश प्रभारी बनाए जाने की औपचारिक ऐलान बीते मंगलवार को हुआ हो, लेकिन वह बीते लगभग 6 महीने से उत्तर प्रदेश में जिलेवार जमीनी सच्चाई समझने में जुटे हुए थे। इसी दौरान पार्टी की ओर से विधायकों के कामकाज, क्षेत्र में उनकी स्थिति और जनता के बीच उनकी पकड़ को लेकर रिपोर्ट कार्ड तैयार किए जाने की जानकारी सामने आई है। बीजेपी सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि कई क्षेत्रों में मौजूदा विधायकों को लेकर लोगों में नाराजगी है। बताया जा रहा है कि बीजेपी ने अपने स्तर पर एक आंतरिक सर्वे भी कराया है। इस सर्वे में कई सीटिंग विधायकों के खिलाफ लोगों में नाराजगी सामने आने की बात कही जा रही है। जमीनी स्तर पर लोगों की शिकायत यह बताई गई कि कई विधायकों ने बीते 10 साल में अपने विधानसभा क्षेत्रों के लिए अपेक्षित काम नहीं किया। जानकारी के अनुसार, कुछ वोटर्स का मानना रहा कि चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पर वोट मिल जाता है, इसलिए कई विधायक चुनाव जीतने के बाद अपने क्षेत्रों में सक्रिय नहीं रहे। पार्टी के सर्वे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली और स्थानीय विधायकों की सक्रियता के बीच अंतर महसूस किए जाने की बात कही गई है। सीटिंग विधायकों के टिकट काटे जाने की चर्चा पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी प्रतिक्रिया दी है। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि बीजेपी का आंतरिक सर्वे मीडिया में सामने नहीं आ सकता। उन्होंने यह भी कहा कि हर चुनाव में 403 विधानसभा सीटों में से बड़ी संख्या में विधायकों के टिकट कटते हैं और नए लोगों को अवसर दिया जाता है। केशव प्रसाद मौर्य ने स्पष्ट किया कि किसका टिकट कटेगा और किसे मौका मिलेगा, इसका निर्णय वह या उत्तर प्रदेश बीजेपी अकेले नहीं करती है। उन्होंने कहा कि साल 2017 जैसी जीत हासिल करने के लिए पार्टी स्तर पर जिन निर्णयों की आवश्यकता होगी, वे लिए जा रहे हैं। बीजेपी के इस संभावित निर्णयों के पीछे 2024 लोकसभा चुनाव का अनुभव भी बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उस चुनाव में पार्टी को अपने सांसदों के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी का नुकसान उठाना पड़ा था। कई क्षेत्रों में लोगों की शिकायत थी कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काम से संतुष्ट हैं, लेकिन स्थानीय सांसदों ने क्षेत्र में अपेक्षित काम नहीं किया। इसी नाराजगी का प्रभाव चुनावी भतीजों में भी देखने को मिला। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन ने 43 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। अब विधानसभा चुनाव में बीजेपी ऐसी स्थिति दोहराना नहीं चाहती। यही कारण है कि पार्टी मौजूदा विधायकों की जमीनी स्थिति को लेकर अधिक गंभीर दिखाई दे रही है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के संभावित गठबंधन को लेकर भी केशव प्रसाद मौर्य ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दोनों दल साल 2017 में भी साथ मिलकर चुनाव लड़ चुके हैं और उसका नतीजा सभी के सामने है। अखिलेश यादव के पीडीए फॉर्मूले पर भी केशव मौर्य ने तीखी प्रतिक्रिया दी।

## कंगना रनौत ने योग गुरू रामदेव की लगा दी क्लास, बोलीं- बाबा जी मेरी जवानी या बेडरूम के बारे में दिन में सपने मत देखो.

**( यंग भारत न्यूज )**

योग गुरु बाबा रामदेव और भाजपा सांसद व बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत के बीच बयानबाजी जारी है। गटर वाले बयान पर कंगना रनौत पर निशाना साधने वाले बाबा रामदेव पर अब एक्ट्रेस ने पलटवार किया है और क्लास लगा दी है।कंगना ने कहा है कि बाबा जी मेरी जवानी या बेडरूम के बारे में दिन में सपने मत देखो। दरअसल, कंगना के गटर वाले बयान पर रामदेव ने कहा था कि उनका बचपन कैसा रहा, जवानी कैसी रही है, पहले के कारनामे कैसे रहे हैं। मैं ऐसे लोगों के बारे में बात नहीं करना चाहता।



कंगना रनौत ने बाबा रामदेव के बयान पर इंस्टाग्राम स्टोरीज पर जवाब दिया और लिखा कि बाबा जी मेरी जवानी या बेडरूम के बारे में दिन में सपने मत देखो, कोई सिर्फ अफवाहों और गॉसिप के आधार पर अंदाजा लगा सकता है। कम से कम मुझे कभी सुप्रीम कोर्ट से झूठे और धोखाधड़ी वाले मेडिकल असर के दावों के लिए फटकार नहीं लगी, जो पक्के तथ्यों पर आधारित हैं न कि किसी गॉसिप या अंदाजे पर। भाजपा सांसद ने बाबा रामदेव को फटकार लगाते हुए आगे कहा कि इसलिए मुझे कैरेक्टर के सबक मत दो। आपसे तो बहुत ज्यादा बेहतर है मेरा कैरेक्टर। बता दें कि बाबा रामदेव ने एक टीवी इंटरव्यू में कंगना रनौत के जेन जी को लेकर दिए गए गटर वाले बयान पर काफी लताड़ लगाई थी। रामदेव ने कहा था कि ऐसे किसी भी जेन जी को गटर बोलना, ये बिगड़े हुए दिमाग की निशानी है। गलत बात है। इस पर उनकी पार्टी के लोगों को संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह अगर मेरे योग की प्रशंसा करें तो क्या मैं उनके गुनाहों पर लीपापोती कर दूं ? आज युवा अपने आप में बहुत बड़ी ताकत है, उसे कोई नकार नहीं सकता है। उन्होंने आगे कहा कि युवाओं में कुछ नकारात्मक तत्व हैं, उनको देश कभी भी स्वीकार्यता नहीं देता, लेकिन युवाओं के हक की आवाज उठाने वाला कोई एक मुखौटा नहीं हो सकता। वह अपने आप में मुखर आवाज है। वह भारत के वर्तमान और भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है। बता दें कि जंतर-मंतर पर हुए छात्र आंदोलन के दौरान कंगना रनौत ने जेन जी पर विवादित बयान दिया था। उन्होंने जुलाई में सोशल मीडिया पर कई पोस्ट लिखकर कुछ जेन जी प्रदर्शनकारियों और युवा महिलाओं को गटर जेनरेशन करार दिया था। उनके इस बयान के बाद विपक्षी दलों और लोगों की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया हुई। इसके बाद, उन्होंने अपनी सफाई भी पेश की थी। बाद में उन्होंने साफ किया था कि उनके ये बयान सभी युवाओं और जेन जी को टारगेट करते हुए नहीं थे, बल्कि ऐसे लोगों के लिए थे, जिन्होंने प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक आचरण और भाषा की सीमा को पार किया था।

## एसपी-कांग्रेस की बढ़ी टेंशन! बीजेपी ने 'मुस्लिम वोट बैंक' में सेंध के लिए चला बड़ा दांव... उतारे ये 2 बड़े चेहरे

**( यंग भारत न्यूज )**

उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी तैयारियां अभी से तेज होती साफ़ नज़र आ रही हैं। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस जहां सॉफ्ट हिंदुत्व की राजनीति के साथ ह्लक्क्ष्ट और दलित वोटरों को साधने के प्रयासों में जुटे हैं, वहीं भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने भी अपनी रणनीति में बड़ा परिवर्तन किया है।

बीजेपी की निगाहें अब समाजवादी पार्टी के सबसे मजबूत वोट बैंक माने जाने वाले मुस्लिम समुदाय में सेंधमारी करने पर है। इसी रणनीति के अंतर्गत बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपनी नई राष्ट्रीय टीम में दो मुस्लिम चेहरों को बेहद महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप दी है। तारिक मंसूर ( को लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नाया गया है, जबकि कुंवर बासित अली को पदोन्नति देते हुए



अल्पसंख्यक मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। बीजेपी की इस नियुक्ति को उत्तर प्रदेश की सियासत में बहुत ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी मुस्लिम नेताओं को संगठन में अहम स्थान देकर यह संदेश देने का प्रयास कर रही है कि राष्ट्रवादी एजेंडे के साथ वह अल्पसंख्यक समुदाय के बीच संवाद और हिस्सेदारी भी बढ़ाना चाहती है। देखा जाए तो... बीजेपी का फोकस विशेष तौर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर है, जहां मुस्लिम वोटर्स कई विधानसभा सीटों पर चुनावी समीकरण को प्रभावित करते हैं। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में मुस्लिमों का बड़ा हिस्सा समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन के साथ खड़ा दिखाई दिया आया था। अब बीजेपी इसी वोट बैंक में अपनी पकड़ बनाने में जुट गई है। सबसे दिलचस्प और अहम बात यह है कि यह है कि पार्टी ने जिन दो मुस्लिम नेताओं को राष्ट्रीय संगठन में स्थान दिया है, दोनों का संबंध उत्तर प्रदेश से है और दोनों का सियासी ताल्लुक पश्चिमी उत्तर प्रदेश से जुड़ा हुआ है। कुंवर बासित अली और प्रोफेसर तारिक मंसूर की राजनीतिक यात्रा एक-दूसरे से बहुत अलग रही है। बता दे, बासित अली ने बीजेपी में एक जमीनी कार्यकर्ता के तौर पर अपनी राजनीतिक शुरुआत की और धीरे-धीरे संगठन में ऊपर तक पहुंचे। वहीं, तारिक मंसूर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कुलपति पद से सेवानिवृत्त होने के बाद राजनीति में आए और सीधे बीजेपी की राष्ट्रीय टीम का भाग बने।

# आला प्रशासनिक अधिकारी की दोहरी नीति के चलते पूरे जनपद में दम से हो रही है खाद की कालाबाजारी

- » थोक विक्रेताओं को दुलारें, और फुटकर वालों को जेल भिजवाने की नीति अपना रहा है विभाग और आला अफसर
- » 150 रुपये प्रति बोरी वसूलने के आरोप ?
- » आला प्रशासनिक अधिकारी भी बताए जाते हैं शामिल?
- » बोरी में 5 किलो खाद घटी मगर कीमत जस की तस
- » सरकार की नीतियां खुद ही उड़ा रहीं हैं किसानों की आय दुगुनी करने के अपने वालों की धज्जियां
- » गरीब से और गरीब हो रहा है किसान
- » व्हाट्सएप कॉल और संदेशों के जरिए खाद के रेट तय करने का आरोप, थोक विक्रेताओं के मोबाइल और रिकॉर्ड की जांच क्यों नहीं होती?

**(प्रधान सम्पादक)**
**(यंग भारत न्यूज)**

**उरई।** जनपद जालौन में यूरिया और डीएपी की बढ़ती मांग के बीच खाद की कीमत और उपलब्धता को लेकर किसानों की परेशानी लगातार सामने आ रही है। प्रशासन की ओर से जिले में पर्याप्त स्टॉक होने का दावा किया जा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर किसान निर्धारित दर पर खाद के लिए भटक रहे हैं। इस स्थिति ने जिला कृषि विभाग की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब जिले में रेक प्वाइंट से उर्वरक पहुंच रहा है तो थोक विक्रेताओं के गोदाम, स्टॉक और बिक्री दर की उसी सख्ती से जांच क्यों नहीं हो रही, जिस तरह फुटकर दुकानदारों की जांच की जा रही है ? जनपद में फुटकर दुकानदारों के खिलाफ लगातार निरीक्षण और कार्रवाई की जा रही है। वहीं, कुछ दुकानदारों का आरोप है कि उन्हें ही थोक स्तर से अधिक कीमत पर खाद उपलब्ध कराई जा रही है। उनका कहना है कि जब खरीद महंगी होगी तो निर्धारित दर पर खाद बेचने में उन्हें नुकसान उठाना पड़ेगा। ऐसे में केवल फुटकर दुकानदारों पर कार्रवाई करने से समस्या का मूल कारण सामने नहीं आएगा।

### व्हाट्सएप कॉल और संदेशों से रेट तय होने का आरोप



खाद कारोबार से जुड़े कुछ फुटकर दुकानदारों ने आरोप लगाया है कि थोक स्तर पर खाद की कीमतों की जानकारी व्हाट्सएप कॉल और व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से दी जाती है। उनका दावा है कि फोन पर बातचीत या संदेश के जरिए उन्हें बताया जाता है कि किस दर पर खाद उपलब्ध कराई जाएगी। यदि ये आरोप सही हैं तो जांच का दायरा केवल गोदाम और स्टॉक रजिस्टर तक सीमित न रहकर थोक विक्रेताओं के बिक्री बिल, भुगतान रिकॉर्ड और संबंधित व्हाट्सएप संचार तक पहुंचना चाहिए। सवाल यह भी है कि यदि थोक विक्रेताओं और फुटकर दुकानदारों के बीच रेट को लेकर व्हाट्सएप पर बातचीत होती है तो विभाग इस पहलू की जांच क्यों नहीं कर रहा? नियमानुसार उपलब्ध रिकॉर्ड की जांच से यह पता लगाया जा सकता है कि खाद की कीमत किस स्तर पर बढ़ रही है और फुटकर दुकानदारों तक पहुंचते-पहुंचते उसका मूल्य क्यों बढ़ जाता है।

### तीन बड़े थोक विक्रेताओं पर उठ रहे सवाल

जनपद में उर्वरक के थोक कारोबार को लेकर गहोई ट्रेडर्स, जगमोहन लाल एंड कंपनी और मां अक्षरा एजेंसी के नाम चर्चा में हैं। कुछ फुटकर विक्रेताओं और किसानों की ओर से इन प्रतिष्ठानों से खाद महंगे दाम पर मिलने के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित थोक विक्रेताओं का पक्ष सामने आना बाकी है। ऐसे में जिला कृषि विभाग के सामने सबसे अहम जिम्मेदारी निष्पक्ष जांच की है। यदि आरोप गलत हैं तो विभाग को जांच कर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और यदि शिकायतों में तथ्य मिलते हैं तो संबंधितों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए।

### स्टॉक रजिस्टर और वास्तविक स्टॉक का हो मिलान

फुटकर दुकानदारों की दुकानों पर स्टॉक की जांच की जा रही है, लेकिन सवाल यह है कि क्या थोक विक्रेताओं के गोदामों में भी इसी स्तर की जांच की गई है? रेक प्वाइंट से जिले में कितनी खाद पहुंची, किस थोक विक्रेता को कितनी मात्रा मिली, गोदाम में कितना स्टॉक मौजूद है और कितनी मात्रा किस फुटकर विक्रेता को किस दर पर बेची गई—इन सभी बिंदुओं की जांच बेहद जरूरी है।

यदि थोक विक्रेताओं के स्टॉक रजिस्टर का भौतिक स्टॉक से मिलान कराया जाए और खरीद-बिक्री के बिलों की जांच हो तो खाद की कीमत और उपलब्धता को लेकर चल रही शिकायतों की वास्तविक तस्वीर सामने आ सकती है।

### फुटकर दुकानदार बोले-ऊपर से महंगी मिलती है खाद

कई फुटकर दुकानदारों का कहना है कि उन्हें थोक स्तर से ही महंगी खाद मिलने की बात बताई जाती है। उनका कहना है कि ऐसे में किसान को निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध कराना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। यदि यह स्थिति वास्तविक है तो कार्रवाई केवल फुटकर दुकानदारों तक सीमित रखने के बजाय पूरी सप्लाई चेन की जांच आवश्यक है। दूसरी ओर, किसानों का कहना है कि उन्हें यह समझ नहीं आ रहा कि जब प्रशासन के पास पर्याप्त स्टॉक होने की बात कही जा रही है तो बाजार में खाद की उपलब्धता और कीमत को लेकर इतनी परेशानी क्यों है। किसान खेत के काम के बीच दुकानों के चक्कर लगा रहे हैं और कई जगह कीमत को लेकर भी शिकायतें सामने आ रही हैं।

### किसानों का सवाल-असली कार्रवाई कब होगी?

किसानों और फुटकर विक्रेताओं की मांग है कि जिला कृषि विभाग थोक स्तर से लेकर फुटकर स्तर तक उर्वरक की पूरी आपूर्ति श्रृंखला की जांच करे। थोक गोदामों का निरीक्षण, स्टॉक रजिस्टर का मिलान, बिक्री बिलों की जांच और निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बिक्री की शिकायतों की पड़ताल की जाए। वहीं, जिला कृषि अधिकारी डॉ. गगनदीप सिंह से भी सवाल उठ रहे हैं कि फुटकर दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई के साथ थोक विक्रेताओं की जांच कब होगी। क्या थोक गोदामों में स्टॉक की वास्तविक स्थिति सामने लाई जाएगी ? क्या व्हाट्सएप कॉल और संदेशों के जरिए रेट तय होने के आरोपों की जांच होगी ? क्या रेक प्वाइंट से लेकर किसान तक खाद की कीमत की पूरी कड़ी खंगाली जाएगी ? सबसे गंभीर बात यह है कि यदि थोक स्तर पर कोई अनियमितता नहीं है तो जांच के बाद यह साफ हो जाएगा और यदि कहीं ओवररेटिंग या स्टॉक में गड़बड़ी मिलती है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई का रास्ता खुलेगा। फिलहाल किसानों की नजर जिला प्रशासन और कृषि विभाग की अगली कार्रवाई पर टिकी है। जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर गगनदीप और थोक विक्रेताओं के उनका पक्ष जानने का पूरा प्रयास किया गया लेकिन उनके द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

- » रेक प्वाइंट होने के बावजूद थोक गोदामों का स्टॉक और बिक्री दर जांच के दायरे से बाहर क्यों?
- » फुटकर दुकानदारों पर लगातार कार्रवाई, लेकिन थोक स्तर पर कथित ओवररेटिंग पर विभाग की चुप्पी सवालों के घेरे में
- » यही त्रिमूर्ति आला अफसर के साथ मिलकर किसानों पर तोड़ रही है कालाबाजारी का कहर
- » गहोई ट्रेडर्स, जगमोहन लाल एंड कंपनी और मां अक्षरा एजेंसी हैं ब्लैक मार्केटिंग की असली खिलाड़ी, सरकार के निर्धारित रेटों को नही पहुंचने देते किसानों तक
- » थोक से महंगी खाद मिलने की शिकायतें, किसान पूछ रहे- जब ऊपर से रेट बढ़ रहा है तो नीचे कार्रवाई क्यों?
- » उपरोक्त थोक डीलर आला अफसर के संरक्षण में भारी कमीशन तो खा ही रहे हैं ऊपर से वसूल रहे हैं फुटकर दुकानदारों से ब्लैक मार्केटिंग के दाम

# हर पात्र लाभार्थी तक पहुंचे स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ-जिलाधिकारी

## जननी सुरक्षा योजना में महिला लाभार्थियों को मिला लाभ, छूटे पात्रों को भी समय से लाभ दिलाने के निर्देश

**-मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण और हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की निगरानी में तेजी लाने को कहा**

( यंग भारत न्यूज )

उरई जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की समीक्षा बैठक कर स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर कम प्रगति वाले स्वास्थ्य केंद्रों में तत्काल सुधार, माइक्रो-प्लानिंग को प्रभावी बनाने तथा पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

जननी सुरक्षा योजना में राज्य औसत से बेहतर रहा जनपद जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत राज्य औसत 71 प्रतिशत के सापेक्ष जनपद में 79.3 प्रतिशत लाभार्थियों को भुगतान का लाभ मिला। छिरिया, नदीगांव, पिण्डारी एवं डकोर के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए जिलाधिकारी ने कम प्रगति वाली इकाइयों को लंबित भुगतान तत्काल पूर्ण कराने तथा प्रत्येक पात्र लाभार्थी को समय से योजना का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही संस्थागत प्रसव में और वृद्धि पर जोर दिया। मातृ स्वास्थ्य में सुधार को विशेष प्राथमिकता, प्रथम तिमाही पंजीकरण सहित मातृ स्वास्थ्य संकेतकों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय से पहचान, नियमित एएनसी जांच, फॉलोअप और आरसीएच पोर्टल पर शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण डाटा अपडेट कराने के निर्देश दिए। बावई, छिरिया, डकोर एवं रामपुरा के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की गई। जनपद में पूर्ण टीकाकरण की प्रगति 85.4 प्रतिशत रही। जिलाधिकारी ने छूटे हुए बच्चों की नामवार सूची तैयार कर विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित करने तथा माइक्रोप्लान के अनुसार शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने को कहा। जन्म के समय आवश्यक टीकों की उपलब्धता एवं टीकाकरण पर भी विशेष जोर दिया गया। शिशु स्वास्थ्य में पंजीकरण की प्रगति 92.9 प्रतिशत रही। वहीं एनीमिया उपचार की प्रगति 84.39 प्रतिशत दर्ज की गई। जिलाधिकारी ने नवजातों के नियमित एचबीएनसी भ्रमण, जन्म के बाद शत-प्रतिशत पंजीकरण तथा गंभीर एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं की समयबद्ध पहचान एवं उपचार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।एचएमआईएस एवं आरसीएच पोर्टल की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं की वास्तविक प्रगति तभी सुनिश्चित होगी जब पोर्टल पर डाटा समय से और गुणवत्तापूर्ण दर्ज हो। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को ऑनलाइन रिपोर्टिंग की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का उद्देश्य केवल आंकड़ों में प्रगति दर्ज करना नहीं, बल्कि हर पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना है। उन्होंने कम प्रगति वाली इकाइयों को आगामी समीक्षा बैठक तक स्पष्ट सुधार लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एच एन सहित स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

# लेखपाल द्वारा वकील से सुविधा शुल्क मांगे जाने पर हुआ विवाद ने तूल पकडा

## एसडीएम की मध्यस्था के बाद मामला सल्टा

( यंग भारत न्यूज )



कोंच अधिवक्ता और लेखपाल के बीच सुविधा शुल्क की रकम को लेकर मंगलवार की शाम हुआ विवाद बुधवार को एसडीएम अभिनव कुमार की मध्यस्थता में निपट गया। वकीलों की अगर मानें तो एसडीएम के यहां से बुलावा आने के बाद तहसील स्थित विजय बारहदरी में बार संघ आम सभा की बैठक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गुर्जर की अध्यक्षता और महामंत्री विनीत श्रीवास्तव के संचालन में संपन्न हुई जिसमें एक प्रतिनिधिमंडल का गठन किया गया और एसडीएम के यहां वार्ता के लिए भेजा गया। करीब दो दौर की बातचीत के बाद दोनों पक्षों में 'न तुम जीते न हम हारे' सुलह समझौता हो गया। इस तरह मंगलवार की शाम को हुई जूतमपैजार का पटाक्षेप बुधवार की शाम तक हो गया।बुधवार शाम तीन बजे हुई वकीलों की बैठक में मामले का पटाक्षेप किए जाने की थीम पर आधारित थी जिसमें एसडीएम से वार्ता के लिए बनाए गए प्रतिनिधि मंडल में बार संघ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गुर्जर, महामंत्री अभिनीत श्रीवास्तव,अवधेश कुमार द्विवेदी, संजीव तिवारी, राघवेंद्र निरंजन आदि को शामिल किया गया। इन लोगों ने जाकर एसडीएम से वार्ता की। उधर, लेखपालों से भी वार्ता कर एसडीएम ने दोनों पक्षों में समझौता करा दिया। एसडीएम अभिनव कुमार ने खुद इसकी पुष्टि की है तो बार संघ अध्यक्ष ने भी मामला निपट जाने पर मोहर लगाई है। गौरतलब है कि भूमि प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर मंगलवार शाम करीब पांच बजे तहसील परिसर में अधिवक्ता और लेखपाल के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत की है। अधिवक्ता पर जूता मारने का आरोप लगाया है।अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद जाटव का आरोप है कि वह अपने मुवक्किल का भूमि प्रमाण पत्र 61 (ख) बनवाने लेखपाल कृष्ण बिहारी के पास गए थे।भूमि प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए लेखपाल ने उनसे 100 रुपये मांगे। रुपये देने से इंकार करने पर लेखपाल ने उनके साथ मारपीट की और जेब में रखे 500 रुपये निकाल लिए। किसी तरह उन्होंने वहां से भागकर जान बचाई। उन्होंने आरोपी लेखपालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। वहीं लेखपाल कृष्ण बिहारी का आरोप है कि अधिवक्ता बिना निरीक्षण कराए भूमि प्रमाण पत्र बनवाने का दबाव बना रहे थे। उन्होंने अधिवक्ता से कहा था कि शासकीय कार्य निपटाने के बाद मौके का निरीक्षण कर प्रमाण पत्र बनाया जाएगा, लेकिन वह नहीं माने। आरोप है कि अधिवक्ता ने गाली-गलौज करते हुए शासकीय अभिलेख फेंक दिए और उनके ऊपर जूता फेंककर मारा। उनके साथ अन्य अधिवक्ता भी थे जिससे विवाद बढ़ गया। लेखपालों ने अधिवक्ताओं पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। बाद में एकजुट हुए लेखपालों ने एसडीएम अभिनव कुमार यादव को ज्ञापन देकर अधिवक्ताओं पर गाली-गलौज, शासकीय अभिलेख फेंकने और धमकी देने का आरोप लगाया। वहीं अधिवक्ता ने भी पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

# बुर्का पहनाकर छात्राओं से अश्लील गानों पर डांस कराने के विरोध में विहिप ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** माधौगढ़ प्रखंड से प्राप्त सूचना के आधार पर महात्मा कामता शरण इंटर कॉलेज, खितौली (थाना गोहन) में चार हिंदू छात्राओं को कथित रूप से बुर्का पहनाकर अश्लील गानों पर डांस कराने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने कड़ी नाराजगी जताते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है।

विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष गुरुप्रसाद शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने आज बुधवार को जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। विहिप पदाधिकारियों का आरोप है कि विद्यालय में छात्राओं को बुर्का पहनाकर कथित रूप से अश्लील गानों पर नृत्य कराया गया, जो छात्राओं की गरिमा और विद्यालय की मर्यादा के विपरीत है। संगठन ने मामले को गंभीर बताते हुए प्रशासन से तत्काल जांच की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला मंत्री साकेत शाण्डिल्य, जिला सहमंत्री अरविंद गुप्ता, प्रांत सेवा टोली सदस्य बलवीर सिंह, जिला संयोजक अनिकेत, नगर अध्यक्ष उरई राहुल शुक्ला, नगर संयोजक अभिषेक तथा कोंच नगर अध्यक्ष संतोष सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कांवड़ियों से हुए विवाद में एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घुसिया में सोमवार की शाम कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे टकराने को लेकर हुए विवाद में कांवड़ियों द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया और शांतिभंग में उसका चालान कर दिया।मामले में पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक, ग्राम घुसिया निवासी कई कांवड़िए करीब आधा सैकड़ा साथियों के साथ सेवढ़ा सनकुआं से कांवड़ में जल भरकर अपने गांव लौट रहे थे। सोमवार की शाम करीब चार बजे जब यात्रा गांव में सोहन सिंह यादव के घर के सामने पहुंची, तभी कांवड़ यात्रा में शामिल डीजे उसके दरवाजे से टकरा गया। आरोप है कि इससे नाराज होकर सोहन सिंह ने आशिक पुत्र सम्मान सिंह के साथ गाली गलौच कर लात-घूंसों से मारपीट कर दी। शिकायतकर्ता कांवड़ियों का आरोप है कि सोहन सिंह ने यात्रा में शामिल सभी कांवड़ियों के साथ गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। पुलिस ने सोहन सिंह के विरुद्ध संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

# कलयुगी मामी और भांजे की प्रेम लीला का खुलासा

**-घर वालों को नशीला पदार्थ खिलाकर भांजे के साथ फुर्र हो गई मामी**

**-बचपन से ही मामा के घर पर रह कर प्यार और दुलार पा रहा था कलियुगी भांजा**

**-जाते-जाते घर के जेवर और तीन साल की बेटी को भी साथ ले गई**

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** बचपन से ही अपने मामा के घर पर रह कर प्यार और दुलार पाता रहा कलियुगी भांजा अपनी मामी को ही प्यार के सब्जबाग दिखाकर अपने साथ भगा ले गया। रिश्तों को तार-तार कर भांजे के साथ जाने से पहले महिला ने खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर पति और घर के अन्य परिजनों को गहरी नींद में सुला दिया और फिर घर में रखे सोने-चांदी के तमाम जेवर व नकदी समेट ले गई। इसके अलावा अपनी तीन साल की बेटी को भी साथ ले गई। पत्नी से धोखा खाए पति ने पूरे मामले की शिकायत सीओ से करते हुए पत्नी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।सर्किल कोंच के थाना एट क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित व्यक्ति ने क्षेत्राधिकारी कोंच परमेश्वर प्रसाद को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 17 अगस्त की देर रात उसकी पत्नी ने खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर परिजनों व उसे गहरी नींद में सुला दिया और फिर घर में रखे लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर, 6 हजार रुपए नकदी लेकर ग्राम कैथी निवासी भांजे के साथ चली गई है। इतना ही नहीं, पत्नी अपने साथ तीन साल की मासूम बेटी को भी ले गई। सुबह जब वह गहरी नींद से जागा तब उसे घटना का पता चल सका जिसके बाद उसने भांजे के पिता यानी बहनोई से इस बाबत कहा तो उन्होंने किसी प्रकार की कोई जानकारी होने से साफ मना कर दिया। बताया जा रहा है कि उक्त युवक बचपन से ही अपने मामा (शिकायतकर्ता) के घर पर रहता था। करीब महीने भर पहले भी वह अपनी मामी को अपने साथ ले गया था लेकिन कुछ दिनों बाद उक्त महिला वापस घर लौट आई थी और फिर रिश्तेदारों की हुई पंचायत में महिला को घर में साथ रखने के लिए पति राजी हो गया था। अब वह एक बार फिर से मामी को अपने साथ ले भागा है। पूरे मामले में शिकायतकर्ता पति ने सीओ से कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। सीओ ने जांच कर कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिया है।

# सिकरी राजा गांव में निकाली गई संत रविदास कलश वंदन यात्रा



( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर चलाए जा रहे 'समरसता संकल्प अभियान' के तहत जालौन ग्रामीण मंडल के ग्राम सिकरी राजा में मंगलवार को 'कलश वंदन यात्रा' का आयोजन किया गया। अतिथियों ने अभियान का उद्देश्य समाज में समरसता, एकता और सनातन संस्कृति के मूल्यों को सुदृढ़ करना बताया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष विनोद अहिरवार भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोपरि है और संत रविदास जी के विचार आज भी समाज को एकता और भाईचारे का मार्ग दिखाते हैं। इस दौरान गांव के विभिन्न मार्गों से होकर कलश वंदन यात्रा निकाली गई। जिसका जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला मंत्री बाबूराम पाल, जिला मंत्री अनीता कठेरिया, मंडल अध्यक्ष उपेन्द्र गुर्जर, प्रधान प्रतिनिधि आशु तिवारी, यश पटेल, मंडल उपाध्यक्ष गौरव गुर्जर, मंडल महामंत्री प्रशांत द्विवेदी ग्राम प्रधान आलोक वर्मा आदि रहे।

# वृद्ध महिला घायल गंभीर स्थिति पर जिला अस्पताल रिफर

( यंग भारत न्यूज )

कालपी जालौन 19 अगस्त 60 वर्षीय लविता पत्नी मूलचंद निवासी निकासा मंगलवार की शाम सड़क दुर्घटना में घायल हुई परिजनो घायल अवस्था में उठाकर सीएचसी कालपी इलाज हेतु भर्ती कराया अस्पताल में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शेख ने घायल वृद्ध मरीज की जांच की जांच दौरान गंभीर स्थिति पर प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल उरई इलाज हेतु भेजा।

# पत्नी का वियोग सहन नही कर पाया पति, पत्नी के मायके जाते ही फांसी के फंदे पर झूल गया पति

( यंग भारत न्यूज )

कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिमरिया में एक युवक का शव फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। बताया गया है कि पत्नी के मायके चले जाने के कुछ घंटे बाद ही पति ने घर में फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल घटना के कारणों का अभी कुछ स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

जानकारी के अनुसार ग्राम सिमिरिया निवासी मोहन कुमार उम्र 30 वर्ष पुत्र स्व. प्रेमनारायण की पत्नी अपने पिता के साथ मायके चली गई थी।पत्नी के मायके जाने के बाद मोहन ने घर के कमरे में पंखे के हुक से रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब वृद्ध मां ने बेटे को फांसी पर झूलता देखा तो वह चीख पड़ी और फिर पड़ोस के लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक जांच पड़ताल कर शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है। मृतक मजदूरी करता था और उसके दो बच्चे हैं जो अपनी मां के साथ ननिहाल गए हुए थे, घर में मृतक की वृद्ध मां ही थी। बताया जा रहा है कि मृतक मोहन के दो बड़े भाइयों की मौत बीते कुछ साल पहले एक एक्सीडेंट में हो गई थी जबकि एक अन्य भाई लापता है। मृतक चारों भाइयों में सबसे छोटा था।

# पूरे लाव लस्कर के साथ चंदकुआ नाला सफाई करने पहुंची पालिका टीम बैरिग बापस लौटी

## नाले पर किए अतिक्रमण कारी दुकानदारो ने किया विरोध कहा सभी का हटे अतिक्रमण

( यंग भारत न्यूज )





कोंच नगरपालिका प्रशासन ने नाले की सफाई और उस पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चलाया।बुधवार दोपहर चंदकुआ क्षेत्र में नगरपालिका की टीम लाव-लश्कर के साथ पहुंची। अभियान के दौरान ईओ पालिका मोनिका उमराव,नायब तहसीलदार गौरव गुप्ता लेखपाल दिग्विजय,उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार भी मौजूद रहे और प्रशासन की निगरानी में नाले पर किए गए अवैध कब्जों को बुलडोजर की मदद से हटाया गया।नगरपालिका की टीम ने नाले के आसपास जमा गंदगी और अतिक्रमण को हटाकर जल निकासी व्यवस्था को सुचारु करने की दिशा में कार्रवाई की। बुलडोजर के पहुंचते ही अतिक्रमणकारियों में हलचल मच गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक नालों और रास्तों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई नियमानुसार जारी रहेगी।टीम जव अतिक्रमण हटाने लगी तभी कुछ दुकानदारो ने इस बात पर विरोध किया कि सभी का अतिक्रमण हटाकर पूरे नाले की सफाई की जाए।दुकानदारो का कहना है कि प्राया होता है कि कुछ लोगो का अतिक्रमण हटाकर नगर पालिका खाना पूर्ती कर चली जाती है।इस बात पर काफी देर दुकानदारो की पालिका टीम से बहस होती रही और फिर टीम वापस लौट गयी।।अभियान के दौरान सफाई नायक विक्की, सतीश, अमित, सुनील और मंगल सिंह समेत नगरपालिका कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। टीम ने सफाई कार्य में भी सहयोग किया। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने और नाले की सफाई को लेकर लोगों में चर्चा रही। अधिकारियों ने नगर की जल निकासी व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए नियमित सफाई पर जोर दिया।

# पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** पति पत्नी के विवाद के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पत्नी से विवाद के एक मुकदमे में न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर एसआई शिवम सेंगर ने चिमनदुबे निवासी सतेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से न्यायालय में उपस्थित नही हो रहा था।

# दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद हुई मारपीट

## आधा दर्जन पर शांति भंग की कार्यवाही

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** नगर के मोहल्ला हिरदेशाह में दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद मारपीट हो गयी। मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के छह लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेहशाह निवासी एक पक्ष के हकीम खान और इस्माइल एवं दूसरे पक्ष के शाकिर, समीर, शाहिल और सानिल के बाच रुपयों के लेन देन को लेकर गाली गलौज व मारपीट हो गयी। विवाद के दौरान मारपीट की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपियों को कोतवाली ले आई। जहां उनके खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई है। चौकी प्रभारी मनीष कुमार तिवारी ने बताया कि सार्वजनिक शांति भंग करने के आरोप में दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# पार्किंग न होने के कारण जालौन में बाजार में खड़ी होती हैं गाड़िया

## नगर पालिका से बाजार में पार्किंग स्थल बनवाने की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई** । नगर में कोई भी ऐसा स्थान नहीं है जहां पर वाहनों को खड़ा किया जा सके। वाहनों के पार्किंग के लिए स्थान न होने के कारण लोग मनचाही जगह पर बेतरतीब वाहन खड़े कर देते हैं। सड़क पर खड़े होते बेतरतीब वाहन जाम का कारण बनते हैं तथा लोगों की परेशानी का सबब। इसके बाद जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर नहीं जाता है। नगर में वाहनों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा हो रहा है। इस समय लोग सार्वजनिक वाहनों की अपेक्षा स्वंय के वाहन से चलना ज्यादा पसंद करते हैं और सुरक्षित मानते हैं। यही कारण है कि नगर में आने वाले वाहनों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। एक तरफ वाहनों की संख्या बढ़ रही तो दूसरी तरफ फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा हो गया है। इसके कारण वाहन चालकों को वाहन खड़े करने के लिए कोई मुफीद जगह नहीं दिखती है। कोई मुफीद जगह न होने के वाहन चालक कहीं भी वाहन खड़े कर देते हैं। सड़कों पर खड़े वाहनों के कारण यातायात व्यवस्था चरमराई रहती है और जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर के प्रवेश द्वार के चौराहा देवनगर चौराहा, कोंच चौराहा, चुंगी नम्बर चार, बालाजी मंदिर चौराहा और बाजार के व्यस्तम चौराहा झंडा चौराहा, सब्जी मंडी, पानी की टंकी तिराहा, कांजी हाउस चौराहा समेत 10 चौराहे होने के बाद भी नगर में पार्किंग की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

**पुराना बस स्टैंड बन सकता है पार्किंग स्थल**

नगर के मध्य में पुराना बस स्टैंड स्थित है। यहां से पहले प्राइवेट बसों का संचालन होता है था। राष्ट्रीय राजमार्ग के बनने के बाद प्राइवेट बसों का अंदर आना बंद हो गया है तथा इक्का दुक्का बसें ही रात में खड़ी होती है। पहले यहां फुटकर सब्जी मंडी स्थापित करने की योजना थी किन्तु दुकानदारों के सहयोग न मिलने के कारण यह योजना खटाई में पड़ गयी है। अगर स्थानीय प्रशासन चाहे तो इस स्टैंड का प्रयोग पार्किंग के रूप में किया जा सकता है। नगर पालिका ईओ सुशील कुमार ने बताया कि नगर में कम से कम तीन स्थानों पर पार्किंग बनाने के लिए नगर पालिका प्रयास कर रही है। इसके लिए जगह के स्वामित्व को लेकर कुछ दिक्कत है। उसे शीघ्र निपटा कर कर पार्किंग बनाई जायेगी।

# कुठौंद पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार, 20 कुंतल चोरी की लकड़ी बरामद

**-मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को दबोचा**

**-अवैध तमंचा-कारतूस के साथ पिकअप से करीब 20 कुंतल चोरी की लकड़ी बरामद**

**-आपराधिक इतिहास खंगालने के बाद तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल**



( यंग भारत न्यूज )

**कुठौंद, जालौन।** कुठौंद थाना पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को दबोचा। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा आरोपियों के पास से पिकअप वाहन में लदी करीब 20 कुंतल चोरी की लकड़ी भी बरामद हुई है। पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

पुलिस के अनुसार, कुठौंद थाना क्षेत्र में अपराधियों और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति पिकअप वाहन से चोरी की लकड़ी लेकर जा रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस को देखते ही आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और वाहन की तलाशी ली तो पिकअप में करीब 20 कुंतल चोरी की लकड़ी लदी मिली। इसके साथ ही एक अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किए गए। पुलिस ने बरामद लकड़ी और अन्य सामान को कब्जे में लेकर वाहन को भी अपने नियंत्रण में ले लिया। पूछताछ के दौरान पुलिस को आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जानकारी मिली। पुलिस द्वारा उनके पुराने मुकदमों और अन्य आपराधिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया। थाना पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का एएसपी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**-अपर पुलिस अधीक्षक ने न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

**-सेशन हवालात, ड्यूटी रजिस्टर और सीसीटीवी कैमरों की जांच की**

**-पुलिसकर्मियों को सतर्कता और अनुशासन के साथ ड्यूटी करने के दिए निर्देश**



( यंग भारत न्यूज )

**उरई, जालौन।** अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी ने बुधवार को न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। अचानक हुए निरीक्षण से न्यायालय परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों में सतर्कता बढ़ गई। एएसपी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं को बारीकी से परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डॉ. ईशान सोनी ने न्यायालय परिसर में लगी पुलिस ड्यूटी का जायजा लिया। उन्होंने तैनात पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी, ड्यूटी के दौरान उनकी सतर्कता तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही सेशन हवालात का भी निरीक्षण कर वहां सुरक्षा मानकों और व्यवस्थाओं को परखा गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उसमें दर्ज सूचनाओं की भी जांच की। उन्होंने संबंधित पुलिसकर्मियों से ड्यूटी संबंधी जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि न्यायालय परिसर जैसे संवेदनशील स्थान पर किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। संदिग्ध गतिविधि अथवा व्यक्ति दिखाई देने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचना देने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का भी परीक्षण किया गया। एएसपी ने कैमरों की निगरानी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने तथा सुरक्षा से संबंधित किसी भी तकनीकी कमी को तत्काल दूर कराने के निर्देश दिए। डॉ. ईशान सोनी ने पुलिस बल को निर्देशित किया कि ड्यूटी के दौरान पूर्ण सतर्कता, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि न्यायालय परिसर की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# एसपी ने कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने को पुलिसकर्मियों के किये स्थानांतरण

### 3 इंस्पेक्टर, उप निरीक्षकों सहित कई आरक्षी इधर से उधर

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने तथा अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा निरीक्षक, उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षी एवं आरक्षियों के स्थानांतरण किए गए हैं। स्थानांतरित पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

रजत कुमार सिंह को पुलिस लाइन से अपराध शाखा, लालबाबू मिश्रा को पुलिस लाइन से अतिरिक्त निरीक्षक थाना जालौन तथा चन्द्रदेव यादव को पुलिस लाइन से प्रभारी साइबर सेल बनाया गया है। शशिभूषण मिश्रा को पुलिस लाइन से गोपनीय सहायक अपर पुलिस अधीक्षक, जबकि वीनेश प्रजापति को पुलिस लाइन से वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना कदौरा के पद पर तैनाती दी गई है।अवनीत कुमार को थाना रामपुरा से हेड मुहर्रिर मालखाना कोतवाली उरई, दुष्यन्त कुमार को पेशी अपर पुलिस अधीक्षक से पेशी क्षेत्राधिकारी नगर, अशोक कुमार को पुलिस लाइन से हेड मुहर्रिर थाना कदौरा, सुनील कुमार को पुलिस लाइन से यूपी-112 तथा उदयभान सिंह को पुलिस लाइन से कोतवाली उरई भेजा गया है।इसी क्रम में गौरव कुमार और सुमित मिश्रा को पुलिस लाइन से कोतवाली उरई तथा प्रदीप यादव को कार्यालय यूपी-112 से वीसी सेल अभियोजन कार्यालय में तैनात किया गया है।पुलिस अधीक्षक के इस स्थानांतरण आदेश का उद्देश्य पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना, अपराध नियंत्रण को गति देना तथा जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना बताया गया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु, जिला प्रशासन के नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

( यंग भारत न्यूज )

उरई। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 12 सितम्बर 2026 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु आज जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह के कुशल-मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी/अपर जिला न्यायाधीश सतीश चन्द्र द्विवेदी के विश्राम कक्ष में उनकी अध्यक्षता में जिला प्रशासन के नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इसमें उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



नोडल अधिकारी/अपर जिला न्यायाधीश श्री सतीश चन्द्र द्विवेदी ने जिला प्रशासन के अपर जिला मजिस्ट्रेट (नमामि गंगे) प्रेमचन्द्र मौर्य से कहा कि वे विभिन्न उपजिला मजिस्ट्रेट न्यायालयों में लम्बित दाण्डिक प्रकीर्ण वादों को एवं तहसील स्तर पर लम्बित राजस्व मामलों को चिन्हित कराकर अतिशीघ्र इनकी सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध करायें और अपने विभाग से सम्बन्धित मामलों में तत्परता से पैरवी कराना सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित पुलिस विभाग के प्रतिनिधि क्षेत्राधिकारी उरई से अपेक्षा की गयी कि वह अपने स्तर से सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को इस आशय का निर्देश निर्गत करें कि वे विभिन्न न्यायालयों से निर्गत सम्मन/नोटिसों का तामीला शत् प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें, क्यों कि यह तथ्य संज्ञान में आया है कि कतिपय थानों से सम्मन/नोटिसों का तामीला सही ढंग से नहीं कराया जाता है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनाली चन्द्रा द्वारा बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि एच0ई0ओ0 अरविन्द सिंह से अपेक्षा की गयी कि वह आशा बहुओं की होने वाली नियमित बैठकों में राष्ट्रीय लोकअदालत के आयोजन का प्रचार कराये जाने हेतु उन्हें निर्देशित करें तथा चिकित्सा विभाग से सम्बन्धित लम्बित तथा प्री लिटिगेशन वादों की नियत वादों की सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उरई को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित अपर सूचना अधिकारी के प्रतिनिधि आकाश मिश्रा से उन्होंने कहा कि वह आगामी दिनांक 12 सितम्बर 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार प्रिन्ट मीडिया एवं डिजीटल मीडिया के माध्यम से कराये जाने हेतु निर्देशित किया है।

# कुसमरा से नदीगांव सी एच सी ले जाते समय एंबुलेंस में ही कराना पड़ा प्रसव

( यंग भारत न्यूज )



**कुसमरा जालौन!** कुसमरा से नदीगांव गर्भवती महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नदीगांव के लिए रवाना हुई एंबोलेंस लेकिन रास्ते में ही प्रसव पीड़ा बढ़ गई। एंबुलेंस कर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए रास्ते में सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने पुत्र को जन्म दिया। इसके बाद जच्चा और बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नदीगांव में भर्ती कराया गया, जहां दोनों को स्वस्थ बताया गया है।

108 एंबुलेंस ईएमटी ने बताया कि कुसमरा गांव निवासी राहुल की पत्नी कोमल को सुबह करीब 5:30बजे प्रसव पीड़ा हुई थी।पति राहुल ने 108 एंबुलेंस सेवा पर कॉल की। सूचना मिलते ही ईएमटी गोलू गोयल और चालक सोनू मौके पर पहुंचे। महिला को एंबुलेंस में शिशु अस्पताल के लिए रवाना किया गया। रास्ते में प्रर बढ़ने पर एंबुलेंस रोककर ईएमटी ने सुरक्षित प्रसव कराया। इसके बाद नवजात का जरूरी प्राथमिक उपचार करते हुए दोनों को सीएचसी नदीगांव पहुंचाया गया।

# अंजुमन फिदायाने रसूल कमेटी के बैनर तले निकलेंगा जुलूस-ए-मुहम्मदी

### जुलूस-ए-मुहम्मदी मे हर साल की तरह इस बार भी डीजे पर रहेगी पाबंदी- जमील कादरी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई :** मंगलवार की देर शाम गणेशगंज स्थित पुराने बरकातिया मदरसे में आयोजित अंजुमन फिदायाने रसूल कमेटी की बैठक मे अल्लाह के चहेते नबी मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर निकलने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी अपने तय रूट से निकाला जाएगा।

बता दे कि आगामी 26 अगस्त को अल्लाह के चहेते नबी मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर शहर में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जाएगा। इस दौरान बीते सालो की तरह इस साल भी डीजे पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी। क्योंकि जुलूस के मध्यम से हमें मुल्क भर में अमन, चैन, शांति का संदेश पहुंचाना हमारा मकसद है। यह बात अजुमन फ़िदायाने रसूल कमेटी के सयोजक हाफिज जमील कादरी ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जुलूस में शामिल लोग ऐसी कोई हरकत न करें, जिससे दूसरे समुदाय के लोगों की भावना को ठेस पहुंचे। इससे पहले कुरैशयान मस्जिद के इमाम हाफिज आमिर ने कुरआन की तिलाबत से बैठक का आगाज किया। अजुमन के सदर शाही इमाम फिरोज अली रहमानी ने बताया कि 26 अगस्त की दोपहर एक बजे से जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाला जाएगा। जुलूस की शुरुआत कादरी गेट से तिलाबते कुरआन से की जाएंगी। शहर इमाम हाफिज मंजूर ने बताया कि जुलूस-ए-मोहम्मदी अपने तय रुट बजारिया रोड से सलीम साईकिल के सामने गली, चूड़ी मार्केट, घंटाघर, छुटकन चाट वाली गली से शहीद भगत सिंह चौराहा पर पहुंचेगा। इसके बाद अस्पताल गेट से दलगंज तिराहा से बजारिया रोड होते हुए बापस कादरी चौराहे पर समाप्त होगा। बैठक मे मौजूद बरिष्ठ सपा नेता आमीन खां, रेहान सिद्दीकी, मिर्जा साबिर बेग, अलीम सर, हाजी शफीक खान, हाजी इसरार खान, नासिर उद्दीन एडवोकेट, चाचा कू कू माहते, रज्जाक कामरेड, शफ़ीकुर्रेमान कशफी, इबादत अली (शानू) नबीउद्दीन व शकील सिद्दीकी को जुलूस-ए-मोहम्मदी को गाइड करने की जिम्मेदारी सौपी गई। बैठक के अंत मे बरकतिया मदरसे के प्रिंसिपल कारी रियाज ने दुनिया में अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। बैठक में शहर काजी शकील बेग रहमानी, हाफिज युसूफ बरकाती, हाफिज शफीक, हाजी मुबीन, साजिद खान हाफिज गुलाब हुसैन, राजू मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे।

# 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ

( यंग भारत न्यूज )

**उरई, जालौन।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से उरई में आयोजित '10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान' का जिला स्तरीय शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. घनश्याम अनुरागी के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए नागरिकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया।



- **नशामुक्त समाज के लिए हर नागरिक की भागीदारी जरूरी : घनश्याम अनुरागी**
- **जागरूकता, संस्कार और सकारात्मक जीवनशैली से दूर होगा नशा**
- **जिले भर के शिक्षण संस्थानों व सामाजिक संगठनों में चलेगा जनजागरण अभियान**

कार्यक्रम में जिला बार संघ अध्यक्ष ऋषि पटेल, डॉ. ज्योति कुमार गुप्ता, स्टेशन अधीक्षक राजीव कौशिक, अरविंद चौहान, डॉ. विकास चतुर्वेदी, नशामुक्ति जिला सलाहकार तृप्ति यादव और समाजसेवी नूपुर कौशिक सहित अन्य गणमान्य लोग मंच पर मौजूद रहे। पूर्व स्टेशन मास्टर प्रवेश निरंजन, पूर्व स्टेशन मास्टर एसपी मिश्रा, राकेश अग्रवाल, सुशील गुप्ता, शत्रुघ्न सिंह, रामस्वरूप पाठक, रीता राय, ममता, अनीता, सुनीता, किरण और उर्मिला समेत बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण केवल कानून अथवा सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए प्रत्येक नागरिक, परिवार, शैक्षणिक संस्था और समाज की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए परिवार और समाज को मिलकर सकारात्मक वातावरण तैयार करना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों ने कहा कि नशे की समस्या का समाधान केवल नियंत्रण तक सीमित नहीं है। जागरूकता, संस्कार, पारिवारिक मूल्य, सकारात्मक जीवनशैली और आत्मिक सशक्तिकरण के माध्यम से ही नशामुक्त समाज की मजबूत नींव रखी जा सकती है। उन्होंने नागरिकों और विभिन्न संस्थाओं से राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। ब्रह्माकुमारी मीना दीदी ने बताया कि यह अभियान ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका परम आदरणीय राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 19वीं पुण्य स्मृति को समर्पित है। 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का उद्देश्य केवल प्रतिज्ञाएं एकत्र करना नहीं, बल्कि 10 करोड़ नागरिकों में सकारात्मक जीवन परिवर्तन का जनआंदोलन खड़ा करना है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय शुभारंभ के बाद जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, सरकारी विभागों, स्वास्थ्य संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं तथा सामुदायिक संगठनों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के माध्यम से लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# मारपीट के बाद घर पहुंचकर धमकी देने का आरोप

( यंग भारत न्यूज )



**बरौली ( जालौन )।** रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम बरौली निवासी अखिलेश ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही अवनीश कुमार व उसके पिता अरविंद पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में अखिलेश कुमार ने बताया कि 13 अगस्त को दोपहर करीब 12 बजे वह खेत से काम करके घर लौट रहा था। रास्ते में अवनीश कुमार पुत्र अरविंद मिला और बिना किसी वजह के गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर अवनीश ने डंडे से उसके साथ मारपीट कर दी। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया। पीड़ित के अनुसार मारपीट में उसे गंभीर चोटें आई हैं।अर्खलेश का आरोप है कि घटना की शिकायत उसी दिन रेंढ़र थाने में करने के बाद दबंग पिता पुत्र उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए दोबारा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि उसका चिकित्सकीय परीक्षण नदीगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उरई में कराया गया है, जिसकी रिपोर्ट प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न की गई है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर परियोजनाओं योजनाओं की प्रगति में तत्काल तेजी लाएं विभागीय अधिकारी-जिलाधिकारी

**-लंबित प्रकरणों का अभियान चलाकर करें निस्तारण,**

**-पोर्टल पर शत-प्रतिशत डाटा फीडिंग और पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध लाभ पहुंचाने के निर्देश**



( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के साथ विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं में प्राप्त अंकों, ग्रेडिंग तथा प्रदेश स्तर पर जनपद की रैंकिंग का विभागवार अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग एवं ग्रेडिंग योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विभागीय कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण संकेतक है। जिन योजनाओं में प्रगति धीमी पाई गई है अथवा अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं, उनके अधिकारी विशेष ध्यान देते हुए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई कर प्रगति में तेजी लाया जाना सुनिश्चित करें। योजनाओं की प्रगति में आ रही कठिनाइयों को चिन्हित कर उनके निराकरण के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर परिणामपरक ढंग से कार्य किया जाए। बैठक में जननी सुरक्षा योजना, फैमिली आईडी, 15वां वित्त आयोग, 5वां राज्य वित्त आयोग, डे-एनआरएलएम, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना की प्रगति की विशेष रूप से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना अधिकारियों की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। किसी भी पात्र लाभार्थी को योजना के लाभ से वंचित न रखा जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों का अभियान चलाकर निस्तारण कराने, पोर्टल पर डाटा की शत-प्रतिशत एवं समयबद्ध फीडिंग, पात्र लाभार्थियों का सत्यापन तथा योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगली समीक्षा में धीमी प्रगति वाली योजनाओं में स्पष्ट सुधार दिखाई देना चाहिए। शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में लापरवाही अथवा अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग को और बेहतर बनाने तथा अधिक से अधिक योजनाओं में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी एवं परिणामपरक कार्ययोजना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एच एन प्रसाद, जिला विकास अधिकारी प्रशांत पाण्डेय, डीएसटीओ नीरज चौधरी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जनसुनवाई की शिकायतों की जिलाधिकारी ने की रेंडम जांच, अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

**-स्थलीय सत्यापन के साथ शिकायतों का निस्तारण कराने के निर्देश, लापरवाही पर तय होगी जिम्मेदारी**



( यंग भारत न्यूज )

उरई ।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की रेंडम जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का सत्यापन करते हुए शिकायतकर्ता को प्रभावी समाधान उपलब्ध कराया जाए।

जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में प्राप्त जनहित के प्रकरणों के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की। इनमें सड़क, पुल, विद्यालय भवन, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं, जलभराव और अन्य जनसुविधाओं से संबंधित मामले को प्राथमिकता पर शामिल किया गया हैं। समीक्षा के दौरान क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय राजमार्ग, जनपद के जर्जर विद्यालय भवन, आटा-हरिशंकरी नहर मार्ग स्थित नरूआ पुल, जोरखेड़ा में जलापूर्ति की व्यवस्था उरई में निजी एवं शासकीय अस्पतालों से प्राप्त शिकायतों तथा कालपी रेलवे अंडरपास मार्ग की क्षतिग्रस्त सड़क के मरम्मत किए जाने से संबंधित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए ।इसी प्रकार उरई-ऐर मार्ग पर सड़क पर अनावश्यक रूप से वाहन ट्रक खड़े करने वाले वाहनों को चिन्हित कर कार्यवाही करें । आयुर्वेदिक चिकित्सालयों एवं समस्त चिकित्सालयों में में स्वास्थ्य सेवाओं एवं चिकित्सकों की समय से उपस्थित, गुलौली-बहरी-तिरही-निरौला मार्ग की जर्जर सड़क, अमृत योजना-2.0 के तहत पेयजल पाइपलाइन कार्य तेजी से करने एवं जालौन नगर के सभी मोहल्लों मे सड़क, कालपी-देवकली मार्ग के सड़क की मरम्मत और पुनर्निर्माण से संबंधित मामलों की भी समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को यथावश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि उक्त प्रत्येक समस्या की स्थलीय एवं आवश्यकतानुसार तकनीकी जांच कराकर तथ्यात्मक आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जाँच में शिकायत सही पाए जाने पर समयबद्ध गुणवत्ता पूर्वक समाधान कराया जाए तथा किसी अधिकारी, कर्मचारी अथवा कार्यदायी संस्था की लापरवाही या अनियमितता सामने आने पर जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जाए और प्रत्येक प्रकरण में की गई कार्रवाई की आख्या, स्थलीय निरीक्षण के फोटोग्राफ तथा वर्तमान स्थिति सहित रिपोर्ट निर्धारित समय में उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायत दर्ज करना नहीं, बल्कि आमजन की समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित करना है। रेंडम जांच के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शिकायतों का निस्तारण वास्तविक रूप से पर भी प्रभावी रूप से हुआ है। उत्तर प्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन आमजन की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# मुस्लिम धर्मगुरुओं ने एसडीएम और सीओ से की मुलाकात

( यंग भारत न्यूज )




कालपी-उरई। बुधवार को मुस्लिम धर्मगुरुओं ने आगामी वारहफात पर्व को लेकर उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य तथा पुलिस उपाधीक्षक राजेश कमल से अलग-अलग मुलाकात कर पर्व की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की।

स्थानीय नगर स्थित मदरसा गौसिया माजिद मजीदिया मिर्जा मंडी के संस्थापक प्रबंधक हाफिज इरशाद अशरफी तथा तकिया मस्जिद के पेश इमाम हाजी मुजीब अल्लामा सहित अन्य धर्मगुरुओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम विनय कुमार मौर्य से शिष्टाचार भेंट की। धर्मगुरुओं ने बताया कि प्रमुख पर्व वारहफात 26 अगस्त को पूरी शानो-शौकत के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर परंपरागत रूप से सजावट व रोशनी जुलूस-ए-मोहम्मदी सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ।एसडीएम ने कहा कि कि पर्व के दौरान नगर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था के साथ ही बिजली और पेयजल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। इसके बाद मुस्लिम धर्मगुरुओं ने पुलिस उपाधीक्षक राजेश कमल से मुलाकात कर जुलूस-ए-मोहम्मदी के मार्ग और अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी। सीओ ने आश्वस्त किया कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे तथा जुलूस एवं प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब कालपी तहसील अध्यक्ष सलीम अंसारी समेत कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# सपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव रश्मि पाल का व्यापारियों ने किया सम्मान

( यंग भारत न्यूज )




कालपी (जालौन) बुधवार को स्थानीय नगर के मोहल्ला निकासा स्थित एक व्यापारिक प्रतिष्ठान में हिंदुस्तान व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष वहीद अहमद उर्फ लाला भाई की अगुवाई में व्यापारियों द्वारा समाजवादी पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव रश्मि पाल का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में हिंदुस्तान व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष वहीद अहमद उर्फ लाला ने कहा कि व्यापारियों का समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा उनके हितों की रक्षा के लिए संगठन हमेशा तत्पर रहेगा। रश्मि पाल के प्रदेश सचिव बनने पर व्यापारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। सम्मान से अभिभूत सपा नेत्री रश्मि पाल ने व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो सम्मान और स्नेह मिला है, वह उनके लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि वह महिलाओं और समाज के कमजोर वर्गों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने के साथ ही व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए भी हरसंभव सहयोग करेंगी। इस अवसर पर भोंदू मिस्त्री, नईम उल्ला, सपा महिला सभा की नगर अध्यक्ष मुन्नी बेगम, नगर अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, उमर अंसारी (पप्पू) पूर्व सभासद, अजीज अहमद (गुड्डू) पूर्व सभासद एवं नगर महामंत्री, इम्तियाज अंसारी, सुमित माथुर, गुलाम हुसैन, वसीम, अनिल सुनार, इकराम, अबरार अहमद, सायरा बानो, सुनीता माथुर, राजू चौरसिया सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं दुकानदार मौजूद रहे।

# बंधुआ बनाकर मजदूरी कराने के आरोप में 3 के खिलाफ गंभीर धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** तहसील क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर इटौरा निवासी एक युवक को रोजगार दिलाने के नाम पर तमिलनाडु ले जाकर बंधक बनाने, जबरन काम कराने और मारपीट कर प्रताड़ित करने का मामले में युवक की 70 वर्षीय मां की शिकायत पर न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

पीड़िता ने थाना आटा में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गांव का ही आरोपी अभयकीत पुत्र जगभान तमिलनाडु में पानी पूरी का व्यवसाय करता है। उसका पुत्र संतोष पहले भी उसके यहां काम कर चुका था। 6 मई 2026 को अभयकीत के कहने पर उसके चालक राहुल और विशाल ने संतोष को 12 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन देने का झांसा देकर रोजगार के लिए अपने साथ तमिलनाडु ले गए ।आरोप के मुताबिक तमिलनाडु पहुंचने के दो दिन बाद उसके पुत्र संतोष ने फोन कर रोते हुए बताया कि आरोपी उसके साथ मारपीट कर जबरन काम करा रहे हैं तथा उसे पर्याप्त भोजन और पानी भी नहीं दिया जा रहा है। इसके बाद परिजनों ने संतोष से संपर्क करने का प्रयास किया। लेकिन फोन आरोपी अभयकीत ने उठाया तथा संतोष से बात कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद संतोष के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई। इसके बाद पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर थाना आटा पुलिस ने आरोपियों अभयकीत, राहुल और विशाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# कालपी क्षेत्र के सुरौला ग्राम की महिला द्वारा मुकदमा वापस न लेने से गुस्सा होकर दबंगो ने महिला को दोबारा पीटा

( यंग भारत न्यूज )

कालपी-उरई ।स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुरौला में मारपीट की शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने को लेकर महिला के साथ दोबारा मारपीट करने पर पीड़िता की शिकायत पर कालपी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वादिनिसबा खातून निवासी ग्राम सरोला ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 15 अगस्त 2026 को वह अपने बच्चों के साथ घर में बैठी थी। तभी आरोपियों जुनैद खां, मुन्ना खां तथा जिशान खा सहित अन्य लोग लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी ।पीड़िता का आरोप है कि हमलावरों ने उसके दोनों हाथों, पीठ तथा शरीर के अन्य हिस्सों पर लात-घूंसों और डंडों से हमला किया। मां को पिटता देखकर उसके बच्चे रोते हुए पड़ोस में पहुंच गए। घटना के बाद उसने 16 अगस्त को कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। आरोप है कि 18 अगस्त तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। इसी बीच उसके द्वारा दी गई शिकायत की जानकारी आरोपियों को हो गई।

# बारह बफात, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी पर्व को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

( यंग भारत न्यूज )



कोंच आगामी त्योहारो को लेकर कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी अभिनव कुमार की अध्यक्षता तथा क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद एवं प्रभारी निरीक्षक निगवेन्द्र प्रताप सिंह की उपस्थित पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई ।बैठक में उपस्थित एसडीएम कहा कि सभी लोग मिलजुल कर त्योहार मनाए ।उन्होने कहा डीजे सीमित आवाज से बजे तथा ज्यादा बडे न हो उन्होने स्पष्ट कहा कि नियमानुसार ही डीजे वजे अगर किसी ने उल्लंघन किया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी ।एसडीएम ने पालिका को निर्देश दिए णकि जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करे ।वही उन्होने विधुत विभाग को निर्देश दिए कि जुलूस मार्ग पर यदि कही विधुत केविन नीची हो तो उसे टाइट कर दे ।जिससे जुलूसमे कीसी प्रकार की कोई परेशानी न हो ।मौके पर ईओ नगर पालिका मोनिका उमराव, जेई विधुत देवेंद्र उपाध्याय,अतरिक्त निरीक्षक अजीत सिंह, सदर जुलूस ए मुहम्मदी शमसुद्दीन मंसूरी,काजी वशीरउद्दीन, हाजी मुहम्मद अहमद, विश्व हिन्दू परिषद के जिला महामंत्री साकेत शांडिल्य, पवन तिवारी,आजादउद्दीन,काजी फहीमउद्दीन आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं से छींटाकशी करने पर परिजनों ने तीन युवकों को पुलिस के सुपुर्द किया

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )** वुधवार को कालपी के यमुना नदी के पुल पर स्कूल आने-जाने वाली तीन छात्राओं से आए दिन छींटाकशी कर परेशान करने पर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर तीन युवकों को पकड़ लिया और कालपी कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

बताया गया है ऊजनपद कानपुर देहात के भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डिलौलिया निवासी तीन छात्राएं रोजाना पढ़ाई के लिए कालपी आती-जाती हैं। कालपी यमुना पुल पर कुछ युवक आए दिन छात्राओं पर छींटाकशी करते हुए उन्हें परेशान करते थे। स्कूल से लौटते समय छात्राएं यमुना पुल से गांव की ओर जा रही थीं। इसी दौरान पुल पर मौजूद युवकों ने कथित तौर पर छात्राओं पर छींटाकसी की ।पुलिस तीनों युवकों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। छात्राएं भी अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचीं।

# दीवार के विवाद मे महिला को दी धमकी,रात में जवरन घर में घुसकर निर्माण का लगाया आरोप

## पीड़िता ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

( यंग भारत न्यूज )



कोंच कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला गांधी नगर निवासी ऊषा देवी ने पड़ोस में रहने वाले तीन लोगों पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी और रात में घर में घुसकर जबरन दीवार पर निर्माण कार्य करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से करते हुए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है ।पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, ऊषा देवी का अपने घर की पीछे वाली दीवार को लेकर माता प्रसाद उर्फ पलु यादव, रानू यादव और राहुल यादव से विवाद चल रहा है। आरोप है कि तीनों आए दिन पीड़िता और उसकी बेटी नम्रता के साथ गाली-गलौज करते हुए धमकियां देते हैं। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने दीवार खोदकर वहीं कब्र बनाने तक की धमकी दी, जिसका उसने छिपकर वीडियो भी बनाया है ।तहरीर में बताया गया कि 18 और 19 अगस्त की मध्यरात्रि करीब तीन बजे आरोपी कथित तौर पर दीवार कूदकर घर में घुस आए और दीवार पर जबरन काम करने लगे। विरोध करने पर गाली-गलौज और पुलिस के सामने भी मारपीट करने की धमकी देने का आरोप है। पीड़िता ने परिवार की जान-माल को खतरा बताते हुए पुलिस से तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# ट्रेन से गिरकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

( यंग भारत न्यूज )



कालपी (जालौन) वुधवार को ऊ्उसरगांव से उरई की ओर रेलवे लाइन पर खंभा नंबर 1261/21 के पास ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने के प्रयास शुरू कर दिए।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम उसरगांव के समीप ट्रेन से कटकर युवक के शव के पड़े होने की सूचना मिलने पर मौके पर दरोगा सूरजपाल के साथ विपिन, दीवान अर्पित और अभिषेक पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा मृतक के नाम-पते की जानकारी जुटाई जा रही है।

# जनता दर्शन में महिला की बात सुनते ही भड़क उठे योगी आदित?यनाथ, तुरंत दिया आदेश- सबको सस्पेंड कर दो

( यंग भारत न्यूज )

गोरखनाथ मंदिर में मंगलवार सुबह जनता दर्शन चल रहा था. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक-एक कर लोगों के पास पहुंच रहे थे, उनकी शिकायतें सुन रहे थे और अधिकारियों को मौके पर ही कार्रवाई के निर्देश दे रहे थे.



करीब 200 लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे थे. तभी एक महिला की शिकायत पर माहौल अचानक बदल गया. महिला ने मुख्यमंत्री को बताया कि जमीन से जुड़े मामले में दबंग उसे रास्ता नहीं दे रहे हैं. शिकायत करने पर उन्हें इस तरह धमकाया जाता है. कहते हैं कि चाहे जहां शिकायत कर लो, रास्ता नहीं मिलेगा. महिला की बात सुनते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गुस्?सा आ गया. जनता दरबार में महिला की परेशानी और बेबसी देखते ही सीएम योगी आदित?यनाथ नाराज हो उठे. उन्होंने अधिकारियों की तरफ देखते हुए साफ शब्दों में कहा कि महिला को रास्ता मिलना चाहिए. अगर रास्ता दिलाने में लेखपाल, कानूनगो और तहसीलदार खुद को लाचार मानते हैं तो इन सभी को सस्पेंड किया जाए. इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सख?ती से कह दिया कि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यह साफ सुन लें कि जमीन से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी. जहां भी राजस्व कर्मी या अधिकारी मामले को निपटाने में जानबूझकर देरी करते मिलें, वहां संबंधित के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाए. दरअसल, शिकायत केवल रास्ते की नहीं थी. मुख्यमंत्री के सामने जो तस्वीर आई, उसमें एक तरफ दबंगों की धमकी थी और दूसरी तरफ सरकारी तंत्र की लाचारी. महिला का कहना था कि वह शिकायत लेकर अधिकारियों के पास जा रही है, लेकिन उसे रास्ता नहीं मिल पा रहा. यही बात मुख्यमंत्री को नागवार गुजरी. सीएम योगी ने अधिकारियों को संदेश दिया कि अगर किसी पीड़ित को उसका जायज रास्ता दिलाने में पूरा राजस्व तंत्र खुद को असहाय समझता है तो ऐसे अधिकारियों के पद पर बने रहने का कोई मतलब नहीं है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को गोरखपुर पहुंचे थे. मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन हुआ. महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर मुख्यमंत्री करीब 200 लोगों से मिले. योगी खुद लोगों के पास पहुंचे. उनकी शिकायतें सुनीं और प्रार्थना पत्र अपने हाथ में लेकर संबंधित समस्या का संज्ञान लिया. इस दौरान उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है. सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है और हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है. जनता दर्शन में कई अन्य लोगों ने भी जमीन से जुड़े मामलों में राजस्व कर्मियों की लापरवाही की शिकायत की. इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित जिलाधिकारियों को भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए. जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर भी पहुंचे थे. मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि सरकार इलाज में हर संभव मदद करेगी. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र और जरूरतमंद लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं. अगर आयुष्मान कार्ड से इलाज की जरूरत पूरी नहीं होती है तो विवेकाधीन कोष से भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि किसी जरूरतमंद को इलाज के लिए परेशान न होना पड़े. एक महिला की शिकायत, मुख्यमंत्री का गुस्सा और अधिकारियों को सस?पेंड करने के आदेश गोरखपुर के जनता दर्शन में यह सब देखने को मिला. गोरखपुर में योगी आदित्यनाथ ने साफ कर दिया कि जमीन के मामलों में पीड़ित को चक्कर कटवाना अब अधिकारियों को भारी पड़ सकता है. आखिर पूरा मामला क?या था, आइये जानते हैं...

# यूपी के इस मौलाना ने अखिलेश को बताया बीजेपी का एजेंट, कहा- रात के अंधेरे...

( यंग भारत न्यूज )

ऑलइंडिया मुस्लिम जमात के नेशनल प्रेसिडेंट मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने समाजवादी पार्टी के मुखिया और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के ट्वीट पर बड़ा बयान दिया है, मौलाना ने अखिलेश यादव पर आरोप लगाय है कि अखिलेश यादव रात के अंधेरे में बीजेपी के साथ अपना एजेंडा फाइनल करते हैं, और सुबह कुछ और कहते हैं.



मौलान शहाबुद्दीन रजवी ने कहा, 'समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बीजेपी अलायंस के सीट-शेयरिंग अरेंजमेंट का मजाक उड़ा रहे हैं; उन्होंने अनुप्रिया पटेल, जयंत चौधरी और ओपी राजभर को टिकट ऐसे बांटे जैसे वे खुद बीजेपी अलायंस के चेयरमैन हों. उन्होंने बाकी सभी को भी इसी तरह सीटें बांटीं... मैंने हमेशा कहा है कि अखिलेश यादव अंधेरे में बीजेपी के साथ अपना एजेंडा फाइनल करते हैं, और सुबह कुछ और कहते हैं... ' मौलान शहाबुद्दीन रजवी ने अखिलेश यादव पर आरोप लगाया है कि, सपा सांसद अखिलेश यादव ने संसद में छात्रों के हितों पर कोई बात नहीं की है, बल्कि राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मुद्दों पर बात करते रहे हैं. मौलाना ने यह भी कहा कि पार्लियामेंट में अखिलेश यादव को बोलने के लिए 25 मिनट का टाइम वक्फ संसोधन पर बोलने के लिए दिया गया लेकिन वह वक्फ संसोधन पर सिर्फ ढ़ाई मिनट ही बोले हैं और सारा टाइम फिजूल की बातों पर बिताया. मौलान शहाबुद्दीन रजवी ने अपने बयान में अखिलेश यादव के पिता और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का भी नाम लिया है. मौलान शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि, अखिलेश यादव के पिता मुलायम सिंह ने क्या कारनाम किया था सबको मालूम है, मुलायम सिंह ने बीजेपी हार्ड लाइनर कल्याण सिंह और आधी बीजेपी को अपने साथ शामिल किया और मंत्री बनाकर सरकार चलाई और ये खुद भाजपा के एजेंट हैं. वहीं जापान इन्वेस्टमेंट मीट पर शहाबुद्दीन रजवी ने कहा, 'चीफ मिनिस्टर योगी आदित्यनाथ हमेशा से उत्तर प्रदेश में इन्वेस्टमेंट लाने के लिए उत्सुक रहे हैं. वह अलग-अलग देशों में मंत्रियों के ग्रुप भेज रहे हैं ताकि वहां के इंडस्ट्रियलिस्ट क्कमें आकर इन्वेस्ट करें, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के मौके बनेंगे. इसी सिलसिले में उत्तर प्रदेश सरकार ने जापान के साथ एक एग्रीमेंट साइन किया है, और जापानी कंपनियां राज्य में इन्वेस्ट करने आएंगी...'

# भौंका कुत्ता, मिला सुराग. लेकिन हत्या साबित नहीं हुई; डीएनए रिपोर्ट ने भी नहीं दिया साथ, क्या है मामला?

( यंग भारत न्यूज )

हत्या की जांच में पुलिस को एक स्निफर डॉग से अहम सुराग मिला। कुत्ता पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति तक ले गया। इसके बाद उस पर हत्या का शक गहराया। लेकिन अदालत में सिर्फ इस आधार पर हत्या साबित नहीं हो सकी।



बारामती की अतिरिक्त सत्र अदालत ने कहा कि स्निफर डॉग की प्रतिक्रिया को निर्णायक सबूत नहीं माना जा सकता। अदालत ने 54 वर्षीय लोन रिकवरी एजेंट प्रवीण मलेकर की हत्या के मामले में 37 वर्षीय कैजुअल वर्कर को बरी कर दिया। एडिशनल सेशन जज हितेंद्र उर्मिला अनिलकुमार वाणी ने माना कि प्रवीण मलेकर की मौत हत्या थी। हालांकि, अभियोजन पक्ष यह साबित करने में नाकाम रहा कि हत्या के लिए आरोपी ही जिम्मेदार था। अदालत ने मामले में पेश किए गए साक्ष्यों का मूल्यांकन करते हुए माना कि संदेह और दोष सिद्ध करने वाले ठोस प्रमाण के बीच स्पष्ट अंतर है। मामला 1 मार्च 2024 का है। घर लौटते समय मलेकर पर जानलेवा हमला किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने स्निफर डॉग की मदद ली। कुत्ता पुलिस को उस कैजुअल वर्कर तक ले गया, जो अपने घर के पास मौजूद था। उसका घर उस स्थान से करीब दो किलोमीटर दूर था, जहां मलेकर घायल अवस्था में मिले थे। इस सुराग के आधार पर पुलिस ने आरोपी को जांच के दायरे में लिया। अदालत ने कहा कि अपराध की जांच में स्निफर डॉग की मदद ली जा सकती है, लेकिन उसकी प्रतिक्रिया को आरोपी के खिलाफ निर्णायक साक्ष्य नहीं माना जा सकता। जज ने स्पष्ट किया कि केवल इस वजह से कि कुत्ता किसी व्यक्ति पर भौंका, यह साबित नहीं होता कि उसी व्यक्ति ने मलेकर पर चाकू से हमला किया था। अदालत के मुताबिक, स्निफर डॉग की क्षमता का इस्तेमाल आरोप साबित करने के लिए प्रमाण के तौर पर नहीं किया जा सकता। अभियोजन पक्ष ने आरोपी की पैंट पर खून के धब्बे मिलने को भी महत्वपूर्ण साक्ष्य बताया था। हालांकि, अदालत ने पाया कि डीएनए जांच से इन धब्बों का मृतक के खून से कोई संबंध साबित नहीं हुआ। दोनों रिपोर्टों में कहा गया कि खून के धब्बों से डीएनए प्रोफाइल हासिल नहीं हो सकी। इस वजह से यह साक्ष्य भी आरोपी को हत्या से जोड़ने के लिए पर्याप्त नहीं माना गया। आखिरकार अदालत ने माना कि मलेकर की हत्या हुई थी, लेकिन अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ हत्या का आरोप संदेह से परे साबित नहीं कर सका। स्निफर डॉग की प्रतिक्रिया और पैंट पर मिले खून के धब्बे, दोनों ही निर्णायक प्रमाण नहीं बन सके। इन्हीं परिस्थितियों में अदालत ने 37 वर्षीय कैजुअल वर्कर को हत्या के आरोप से बरी कर दिया। यह फैसला एक बार फिर बताता है कि जांच में मिला सुराग महत्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन दोष सिद्ध करने के लिए अदालत के सामने ठोस और विश्वसनीय साक्ष्य पेश करना जरूरी है।

# बीवी के चीथड़े उड़ाकर नहाया और खून से सने कपड़े, ऑनलाइन मंगाया था चाकू, बेटे ने बताया मां उर्मिला का कैसे किया बाप ने कत्ल.

( यंग भारत न्यूज )

मध्यप्रदेश के इंदौर में डाक विभाग की महिला अधिकारी उर्मिला सैनी की हत्या ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। इस हत्याकांड के बाद जहां परिवार गहरे सदमे में है, वहीं घटना को लेकर लोगों में भारी आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि घटना के करीब 48 घंटे बीत जाने के बाद भी मुख्य संदिग्ध के रूप में सामने आए पीड़िता के पति की गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। परिजनों और स्थानीय लोगों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की। इस बीच मृतका की बेटी ने अपने पिता पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिससे यह मामला और अधिक चर्चा में आ गया है। हालांकि, यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि आरोपों की जांच अभी जारी है और आरोपी को अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने तक कानून की नजर में वह निर्दोष माना जाएगा।जानकारी के अनुसार उर्मिला सैनी इंदौर के संयोगितागंज थाना क्षेत्र स्थित 'डाक कुंज' में भारतीय डाक विभाग में असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट के पद पर कार्यरत थीं। वह लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रही थीं और विभाग में जिम्मेदार अधिकारी के रूप में जानी जाती थीं।



उनकी अचानक हुई हत्या ने न केवल परिवार बल्कि सहकर्मियों और पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और विभिन्न पहलुओं से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।मामले में मुख्य संदिग्ध के रूप में उर्मिला सैनी के पति अखिलेश सैनी का नाम सामने आने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि पुलिस जल्द कार्रवाई करेगी। लेकिन घटना के लगभग 48 घंटे बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने से परिजनों और स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ गई। प्रेक्षा का दावा है कि उसकी मां की हत्या बेहद निर्ममता से की गई और इसके लिए दोषियों को कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।उसने यह भी आरोप लगाया कि हत्या कोई अचानक हुई घटना नहीं थी, बल्कि इसकी पहले से योजना बनाई गई थी।बेटी ने यह भी आरोप लगाया कि हत्या को अंजाम देने के लिए पहले से तैयारी की गई थी और आरोपी ने कथित तौर पर ऑनलाइन चाकू मंगवाए थे। हालांकि, इस दावे की आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। पुलिस फिलहाल सभी पहलुओं की जांच कर रही है और डिजिटल रिकॉर्ड सहित अन्य साक्ष्यों को भी खंगाल रही है। परिजनों का आरोप है कि अपराध के बाद आरोपी ने खुद को सामान्य दिखाने की कोशिश की।उनका दावा है कि घटना के बाद आरोपी ने स्नान किया और खून से सने कपड़ों को नाली में बहा दिया।हालांकि, इन आरोपों की भी पुष्टि जांच पूरी होने और पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर ही हो सकेगी। जांच एजेंसियां घटनास्थल से मिले सबूत, फॉरेंसिक रिपोर्ट और अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्यों का विश्लेषण कर रही हैं। इंदौर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी है। जांच अधिकारी घटनास्थल से जुटाए गए भौतिक साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल रिकॉर्ड, डिजिटल डाटा और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे बढ़ाई जा रही है। यदि किसी व्यक्ति के खिलाफ पर्याप्त प्रमाण मिलते हैं, तो कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उर्मिला सैनी के परिजनों का कहना है कि उनकी सबसे बड़ी मांग आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच है। परिवार का कहना है कि जब तक मामले में कानूनी कार्रवाई तेज नहीं होगी

# पति बना प्यार की राह का कांटा! पत्नी ने कथित तौर पर 40 हजार की सुपारी देकर करवा दी हत्या, जांच में चौंकाने वाला खुलासा.

( यंग भारत न्यूज )

एक सनसनीखेज हत्या मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करने का दावा किया है। जांच के अनुसार, एक महिला पर अपने पति की हत्या कराने का आरोप है। पुलिस का कहना है कि महिला ने कथित तौर पर अपने प्रेम संबंधों में पति को बाधा मानते हुए 40 हजार रुपये में हत्या की साजिश रची।



पुलिस जांच में सामने आया कि महिला का किसी अन्य व्यक्ति से कथित प्रेम संबंध था। आरोप है कि इसी कारण पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था और महिला ने पति को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। जांच एजेंसियों के मुताबिक, महिला ने कथित तौर पर कुछ लोगों को 40 हजार रुपये देने का वादा कर पति की हत्या करवाने की साजिश रची। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से मिले साक्ष्यों, मोबाइल कॉल डिटेल, सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ के आधार पर मामले का खुलासा करने का दावा किया। इसके बाद महिला समेत कई आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अदालत में आरोप सिद्ध होने तक सभी आरोपी कानून की नजर में निर्दोष माने जाते हैं।

# 'चवन्नी थोड़ी हूं जो पलट जाऊं' अखिलेश के बयान से यूपी में नया सियासी बवाल

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल अभी से तेज हो गई है। नेताओं के बीच जुबानी जंग और तीखे बयानों का दौर शुरू हो चुका है। इसी बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 'चवन्नी को रुपया' बनाने वाले बयान ने यूपी की राजनीति में बड़ा भूचाल ला दिया है। अखिलेश यादव के इस बयान से राष्ट्रीय लोक दल के नेताओं और समर्थकों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। आरएलडी नेताओं का स्पष्ट कहना है कि पश्चिमी यूपी के जाट इस अपमान का करारा जवाब समाजवादी पार्टी को आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में देंगे। दरअसल, अखिलेश यादव ने एक कार्यक्रम के दौरान अपनी भड़ास निकालते हुए कहा था कि समाजवादी पार्टी ने गठबंधन के अपने सभी साथियों को पूरा मान-सम्मान दिया, लेकिन इसके बावजूद कई सहयोगी बीच रास्ते में साथ छोड़कर चले गए। अखिलेश ने कहा, 'बताओ, हम लोगों ने चवन्नी का रुपया बना दिया, तब भी छोड़कर चले गए।' हालांकि, अखिलेश यादव ने अपने बयान में सीधे तौर पर जयंत चौधरी का नाम नहीं लिया, लेकिन इस तंज को आरएलडी प्रमुख से जोड़कर ही देखा जा रहा है, क्योंकि 2022 का यूपी विधानसभा चुनाव सपा और आरएलडी ने एक साथ मिलकर लड़ा था।गौरतलब है कि 2022 के चुनाव के दौरान जयंत चौधरी के बीजेपी में जाने की अटकलों पर उन्होंने खुद कहा था, 'मैं चवन्नी थोड़ी हूं कि पलट जाऊं।' उस चुनाव में अखिलेश ने आरएलडी को 33 सीटें दी थीं, जिनमें से 8 उम्मीदवार जीतकर विधायक बने थे। बाद में अखिलेश यादव ने जयंत चौधरी को राज्यसभा भी भेजा था। हालांकि, यह राजनीतिक दोस्ती ज्यादा दिनों तक नहीं टिक सकी और 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जयंत चौधरी एनडीए का हिस्सा बन गए और केंद्र में मंत्री बन गए। दूसरी तरफ, अखिलेश यादव ने भी चुनावी तैयारियां शुरू कर दी हैं और हाल ही में सपा ने अयोध्या सीट के लिए अपने उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है।

# जेवर मिले तो कहां गए? मां की मौत के बाद उठे सवालों से आईपीएस आशुतोष मिश्र नाराज

( यंग भारत न्यूज )

आईपीएस अधिकारी आशुतोष मिश्र मां इंद्रावती की मौत के बाद घटना को लेकर चल रही कुछ खबरों से बेहद आहत हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर भी असंतोष जताते हुए जेवरात बरामदगी की खबरों को उन्होंने खारिज कर दिया।

मामले में पहली बार खुलकर बोलते हुए आईपीएस ने सवाल उठाया कि जेवर बरामद हुए हैं तो आखिर हैं कहां ? उन्होंने निष्पक्ष जांच के लिए वरिष्ठ अफसरों पर भरोसा जताया, लेकिन बिना पुष्टि माल बरामदगी की सूचनाएं प्रसारित होने पर स्थानीय पुलिस अधिकारियों पर नाराजगी जताई। आशुतोष मिश्रा की मां इंद्रावती का शव 16 अगस्त की सुबह पैतृक आवास पर मिला था। उनके पहने जेवर गायब थे और मुंह में कपड़ा ठूंसा मिला था। इसकी सूचना आशुतोष मिश्रा ने एडीजी जोन प्रवीण कुमार को दी, जिसके बाद शाम को अज्ञात के खिलाफ हत्या और लूट की रिपोर्ट दर्ज की गई। सोमवार शाम गायब जेवरों में से कुछ घर पर मिलने की सूचनाएं प्रसारित होने के बाद चर्चाएं तेज हो गईं। इस पर आशुतोष मिश्रा ने कहा, माल बरामद हुआ है तो है कहां, आखिर किसने पुष्टि की है। गहना मिल जाता और कारण पता चल जाता तो यह मेरे लिए सबसे बड़ी बात होती। उन्होंने कहा कि डीजीपी, एडीजी और डीआईजी मामले की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से गलत सूचनाओं को रोकने का प्रयास करने की अपील की। आशुतोष ने कहा कि मैं मां का पिंडदान करने में लगा हूं, लेकिन कुछ लोग कुछ और ही बांधने में लगे हैं। उन्होंने इससे उनकी सामाजिक छवि पर असर पड़ने की बात भी कही।आशुतोष ने बताया कि पुलिस गांव के कुछ लोगों के साथ परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ कर रही है। उन्होंने अपील की कि पूछताछ नियमानुसार की जाए और पुलिस के कठोर तरीकों का इस्तेमाल न किया जाए। उन्होंने कहा कि घटना को अंजाम देने वाला सामने आए, यही सबसे जरूरी है।




पोस्टमार्टम रिपोर्ट से नाखुश आईपीएस ने मौत की परिस्थितियों पर सवाल उठाए हैं। बिसरा रिपोर्ट और अन्य जांचों के नतीजों से मौत की वजह स्पष्ट होने की उम्मीद है। पुलिस हत्या और लूट के मामले में घटनास्थल से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। महरुआ थानाध्यक्ष शशांक शुक्ला ने बताया कि जेवर गायब होने के मामले में शक के आधार पर अगल-बगल के छ लोगों को सुबह हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आईपीएस आशुतोष मिश्रा की मां इंद्रावती की मौत की जांच कर रही टीमें एक-एक कड़ी जोड़ने में जुटी हैं। घटनास्थल की परिस्थितियों के साथ मृतका के करीबियों और संपर्क में रहने वाले लोगों की गतिविधियों की पड़ताल हो रही है। कॉल डिटेल भी खंगाली जा रही हैं। मंगलवार देर शाम दो लोगों को थाने लाकर पूछताछ किए जाने की भी चर्चा रही। इंद्रावती गांव आने पर दालान में ही सोती थीं। पुलिस पता लगा रही है कि घर की दिनचर्या और आने-जाने की जानकारी किनको थी। घटना की रात आसपास मौजूद लोगों और संदिग्ध गतिविधियों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस घटना से पहले और बाद में हुई फोन बातचीत और संबंधित नंबरों की गतिविधियां खंगाल रही है। एसओजी समेत कई टीमें जांच में लगी हैं। फिलहाल विभिन्न संभावित पहलुओं को सामने रखकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। इंद्रावती की मौत को लेकर जांच भले ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अलग दिशा में बढ़ रही हो, लेकिन इस मामले में बड़ा सवाल है कि मौके पर पहुंचे उनके आईपीएस बेटे आशुतोष मिश्र ने ऐसा क्या देखा, जिससे उन्हें मां की मौत सामान्य नहीं लगी ? एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के तौर पर घटनास्थल और शव को देखने के बाद आशुतोष मिश्रा ने हत्या और लूट की आशंका जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया। इसका मतलब यह है कि मौके की कोई न कोई परिस्थिति उनके संदेह का कारण जरूर बनी होगी।

सिनसिनाटी ओपन

# ज्वेरेव और जोडर ने चौथे राउंड में बनाई जगह

अलेक्जेंडर ने 2 घंटे 9 मिनट में सीधे सेटों में की जीत पक्की



सिनसिनाटी

अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने सिनसिनाटी ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। ज्वेरेव ने टेरेंस आतमाने को 7-6 (4), 7-6 (8) से हराकर चौथे राउंड में जगह बनाई।

जर्मन खिलाड़ी ज्वेरेव ने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में 6/4 पर दो मैच पॉइंट बनाए। आतमाने ने पहला ऐस आउट वाइड से मिटा दिया, और ज्वेरेव ने दूसरे पर डबल फॉल्ट करके टाई-ब्रेक को 6/6 पर बराबर कर दिया। 29 साल के ज्वेरेव ने खुद को संभाला, अगले दो पॉइंट लेकर दो घंटे और नौ मिनट में सीधे सेटों में जीत पक्की कर ली।



## 19 साल के जोडार पहुंचे अंतिम सोलह में

इस बीच, 19 साल के राफेल जोडार ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में फ्लेवियो कोबोली को 6-2, 6-1 से हराकर चौथे राउंड में जगह बनाई, और अपने शानदार 2026 सीजन को जारी रखा। जोडार इस दशक में सिनसिनाटी में राउंड ऑफ 16 तक पहुंचने वाले कार्लोस अल्काराज और बेन शेल्टन के साथ शामिल हो गए। स्पेन के जोडार का अगला मुकाबला वर्ल्ड नंबर 31 फ्लेवियो कोबोली से होगा। कोबोली ने अलेक्जेंडर बुब्लिक को 7-5, 4-6, 7-5 से हराया था। इटैलियन कोबोली ने फाइनल सेट में 3-5 से पिछड़ने के बाद लगातार चार गेम जीते और अपने करियर में चौथी बार मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे राउंड में पहुंचे। जोडार को हाल ही में कैनेडियन ओपन में क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

## स्वियातेक ने मारिया को दी शिकस्त



मैरथा। इस बीच मौजूदा चैंपियन इगा स्वियातेक ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मारिया सकारी को 4-6, 6-1, 6-1 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेना रायबाकिना ने मैग्डालेना फ्रेच को 6-4, 7-6 से जबकि जेसिका पेगुला ने अपनी हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी एम्मा नवारो को 7-5, 6-2 से हराया। पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने टेरेंस एटमैन को 7-6 (4), 7-6 (8) से हराकर इस सत्र में एटीपी टूर पर अपना 40वां मैच जीता।

### सेरेना-वीनस विलियम्स को मिली हार



सेरेना और वीनस विलियम्स ने 2022 में अमेरिकी ओपन के बाद अपना पहला युगल मैच एक साथ खेला लेकिन उन्हें सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विलियम्स बहनों ने वापसी पर अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन आखिर में वे मार्ता कोस्त्युक और पेटा स्टर्नस से 2-6, 6-1 (10-8) से एक रोमांचक मुकाबले में हार गईं। दोनों बहनें मैच के टाईब्रेकर में 6-0 से पिछड़ने के बाद लगभग वापसी करने ही वाली थीं, लेकिन वीनस विलियम्स के एक डबल-फॉल्ट ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

पहला टेस्ट

भारत की दूसरी पारी 193 रन पर सिमटी, श्रीलंकाई टीम जीत से 288 रन दूर

# जीत से छह विकेट दूर टीम इंडिया श्रीलंका के सामने पहाड़ जैसा टारगेट

गाले

भारतीय टीम गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में जारी पहले टेस्ट मैच में जीत की दहलीज पर है। मुकाबले के चौथे दिन जीत के लिए 372 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम दिन की समाप्ति तक दूसरी पारी में 4 विकेट खोकर 84 रन ही बना सकी है। यहां से भारत को जीत के लिए 6 विकेट की दरकार है, जबकि श्रीलंकाई टीम जीत से 288 रन दूर है।

### भारतीय टीम ने पहली पारी में बनाए थे 462 रन

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने पहली पारी में 462 रन बनाए। इस पारी में देवदत्त पड्डिकल और केएल राहुल के बीच दूसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी हुई। केएल राहुल 11 बाउंड्री के साथ 82 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पड्डिकल ने 16 बाउंड्री के साथ 167 रन की पारी खेली। इनके अलावा, ध्रुव जुरेल 51 रन बनाकर आउट हुए। मेजबान टीम से प्रभात जयसूर्या ने सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए, जबकि केशरा नुवानधा ने 3 विकेट निकाले। असिथा फर्नांडो को 2 विकेट हाथ लगे।



### श्रीलंकाई टीम चौथे दिन 84/4 का स्कोर बना सकी

इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम चौथे दिन के खेल तक 84/4 का स्कोर ही बना सकी। श्रीलंका को 13 के स्कोर पर विश्वा मदुष्का (6) के रूप में पहला झटका लगा। टीम के खाते में सिर्फ 1 ही रन जुड़ा था कि पथुम निसंका (0) भी अपना विकेट गवा बैठे। टीम ने 21 के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट भी खो दिया। यहां से कप्तान धनंजया डी सिल्वा ने मोर्चा संभाला। उन्होंने लाहिरु उदारा के साथ चौथे विकेट के लिए 26 रन जोड़े और फिर सोनल दिनुशा के साथ पांचवें विकेट के लिए 37 रन की अटूट साझेदारी की। फिलहाल धनंजया 31 रन और सोनल दिनुशा 25 रन बनाकर नाबाद हैं। इस पारी में भारत की तरफ से वाशिंगटन सुंदर सर्वाधिक 2 विकेट हासिल कर चुके हैं, जबकि मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने 1-1 विकेट झटका है।

### पंत ने टेस्ट में रचा इतिहास, सबसे तेज 100 छक्कों का बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपने 51वें टेस्ट मैच की 89वीं पारी में 100 टेस्ट छक्कों का मुकाम हासिल कर लिया है। वह ऐसा करने वाले भारत के पहले बल्लेबाज बने हैं। वहीं उन्होंने टेस्ट में सबसे तेज (सबसे कम पारियों में) 100 छक्के भी जड़े हैं। इस मामले में पंत ने बेन स्टोक्स, एडम गिलक्रिस्ट और ब्रेंडन मैकुलम को पीछे छोड़ दिया। ऋषभ पंत ने गाले टेस्ट में दूसरी पारी में 53 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने छक्का लगाकर पचासा जड़ा। यह छक्का उनके करियर का ऐतिहासिक छक्का था। वह दुनिया के सिर्फ चौथे ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने टेस्ट में 100 छक्कों का मुकाम हासिल किया है। उनसे पहले कोई भी भारतीय ऐसा नहीं कर पाया था।



टेस्ट में तेज 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

| खिलाड़ी | पारी |
|---|---|
| ऋषभ पंत | 89* |
| गिलक्रिस्ट | 130 |
| बेन स्टोक्स | 131 |
| ब्रेंडन मैकुलम | 170 |

### पडिक्कल ने की बड़ी उपलब्धि हासिल

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मुकाबले में टीम इंडिया की तरफ से खासे से नंबर-3 की पोजीशन पर खेलने पर बाएं हाथ के खिलाड़ी देवदत्त पडिक्कल का कमाल देखने को मिला जिन्होंने पहली पारी में जहां 167 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली तो वहीं दूसरी पारी में 44 रन बनाने में कामयाब रहे, जिसके दम पर पडिक्कल ने इस मुकाबले में कुल 211 रन बनाए। इसी के साथ पडिक्कल ने एक बड़ी उपलब्धि भी हासिल कर ली है, जिसमें वह विदेशी सरजमीं पर भारत की तरफ से नंबर-3 की पोजीशन पर बल्लेबाजी करते हुए किसी टेस्ट मुकाबले में 200 या उससे अधिक रन बनाने वाले सिर्फ तीसरे खिलाड़ी हैं।

## वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीत के साथ उन्नति का डेब्यू

उन्नति का म्यांमार की थुजार के खिलाफ दमदार प्रदर्शन, सीधे गेम में दर्ज की जीत

नई दिल्ली

बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में डेब्यू करने वाली भारत की स्टार शटलर उन्नति हुड्डा ने भी कमाल का प्रदर्शन किया है। पीवी सिंधु और आयुष शेट्टी के बाद उन्नति हुड्डा ने पहले मैच में म्यांमार की थेट हतार थुजार के खिलाफ दमदार प्रदर्शन से सीधे गेम में 22-20, 21-16 से जीत दर्ज की। उन्नति अब अगले राउंड में कनाडा की मिशेल ली का सामना करेंगी, जिन्होंने चाइनीज ताइपे की पी शुई को 22-20, 21-12 से हराया।



### म्यांमार की खिलाड़ी को टिकने नहीं दिया

हरियाणा के रोहतक से आने वाली उन्नति ने म्यांमार की खिलाड़ी को अपने सामने कोर्ट पर टिकने नहीं दिया। उन्नति को पहले गेम में म्यांमार की खिलाड़ी ने कड़ी टक्कर दी और मुकाबला अंत तक गया, जिसमें उन्नति ने 22-20 से जीत दर्ज की। इसके बाद लेकिन दूसरे गेम में उन्नति ने अपने गियर बदले और ताबड़तोड़ स्मैश व क्रॉस शॉट से विरोधी खिलाड़ी को काफी पीछे छोड़ दिया। उन्नति ने 11-1 से लीड लेने के बाद दूसरे गेम को 21-16 से अपने नाम करने के साथ दूसरे राउंड में जगह बना ली।

## आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड पर वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का कब्जा

दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने जुलाई महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीतने वाले पुरुष और महिला दोनों खिलाड़ियों के नामों का ऐलान 18 अगस्त को कर दिया है।

इस बार ये दोनों ही अवॉर्ड वेस्टइंडीज के खिलाड़ी अपने नाम करने में कामयाब हुए हैं, जिसमें पुरुष में ऑलराउंडर खिलाड़ी जस्टिन ग्रीव्स को मिला है जिनका बल्ले और गेंद दोनों से जुलाई महीने में बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला था तो वहीं महिला में अनुभवी खिलाड़ी हेली मैथ्यूज इस अवॉर्ड को जीतने में कामयाब हो सकी हैं। मैथ्यूज अपने क्रिकेटिंग करियर में पांचवीं बार यह अवॉर्ड जीतने में कामयाब हो सकी हैं।





### हेली ने जीता पांचवीं बार अवॉर्ड

जुलाई महीने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का महिलाओं में अवॉर्ड जीतने वाली हेली मैथ्यूज ने पांचवीं बार इसे जीतने में कामयाबी हासिल की है। मैथ्यूज ने जुलाई महीने में आयरलैंड के खिलाफ खेली गई वनडे सीरीज में बल्ले से कमाल दिखाते हुए कुल 203 रन बनाए थे, जिसमें उनके बल्ले से शुरुआती दो वनडे मुकाबलों में शतकीय पारी देखने को मिली थी। इसके अलावा गेंदबाजी में उन्होंने पहले मुकाबले में 52 रन देकर तीन विकेट हासिल किए थे।

## बार्सिलोना के लिए खेलेंगे स्पेन के कप्तान रोड्रि

मैड्रिड

स्पेन के विश्व कप विजेता कप्तान रोड्रि मैनचेस्टर सिटी से अपना स्थानांतरण पूरा करने के लिए बार्सिलोना पहुंचे और उन्होंने कहा कि इस दिग्गज फुटबॉल क्लब की तरफ से खेलना सपना सच होने जैसा है।

रोड्रि का अभी मेडिकल परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद इस समझौते पर अंतिम मुहर लगेगी, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि बार्सिलोना ने 76.5 मिलियन यूरो (88.5 मिलियन डॉलर) के सौदे पर सहमति जताई है। इस लेन-देन की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने इसकी पुष्टि की। रोड्रि ने कहा, 'यहां आकर बहुत खुशी हो रही है। कुछ दिन काफी तनावपूर्ण रहे, लेकिन मुझे खुशी है कि सब कुछ सही हो गया है।' उन्होंने कहा, 'बार्सिलोना की तरफ से खेलना मेरा सपना था। मैं अब अपने साथियों के साथ जुड़ने को लेकर काफी उत्साहित हूं, जिनमें से मैं पहले ही कई को जानता हूं। अब अपना ध्यान काम पर लगाने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का समय है।'



## ऑस्ट्रेलिया ने फ्लॉप ओपनर को किया बाहर, रेनशॉ की वापसी

मैकाय

ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश से पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में मिली चौंकाने वाली हार के बाद दो मैचों की श्रृंखला को बराबर करने के प्रयास में अपने शीर्ष क्रम में एक बदलाव करते हुए सलामी बल्लेबाज जेक वेदरल्ड को बाहर करके उनकी जगह मैट रेनशॉ को फिर से टीम में शामिल किया है। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए मंगलवार को 13 सदस्यीय टीम की घोषणा की। रेनशॉ ने 2016 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और 2018 में टीम से बाहर किए जाने से पहले 11 टेस्ट मैच खेले। उन्हें 2023 में तीन टेस्ट मैचों के लिए वापस बुलाया गया, लेकिन तब से उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए केवल छोटे प्रारूपों में ही खेला है। 14 टेस्ट मैचों में उनका औसत 29.31 है और उन्होंने एक शतक लगाया है। उन्होंने अपने पिछले 10 टेस्ट मैचों में से केवल एक ही ऑस्ट्रेलियाई धरती पर खेला है।



टेबल टेनिस चैंपियनशिप

## सेमीफाइनल में आरिव-राजदीप

कानपुर। पश्चिम बंगाल के आरिव दत्ता और राजदीप बिस्वास ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लड़कों के अंडर-13 वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आरिव ने तमिलनाडु के एच. तनिष को 11-6, 15-13, 11-7 से जबकि राजदीप ने महाराष्ट्र के अधिराज चौहान को 11-4, 11-6, 13-11 से हराया। लड़कों के क्वार्टरफाइनल में सबसे रोमांचक मुकाबला दिल्ली के अरुणिम अग्रवाल और पश्चिम बंगाल के देबांशु चक्रवर्ती के बीच देखने को मिला। अरुणिम ने पांच गेम तक चले इस मैच में 5-11, 13-11, 11-3, 9-11, 11-9 से जीत हासिल की।

एफआईएच विश्व कप : दूसरे दौर में प्रवेश के लिए भारत और पाक में अहम मुकाबला

# पाक के खिलाफ जीत नहीं तो ड्रॉ जरूरी, अग्निपरीक्षा आज

एम्सटेलवीन

पिछले एक दशक से पाकिस्तान से नहीं हारी भारतीय टीम को एफआईएच विश्व कप के दूसरे दौर में प्रवेश के लिए अपने डिफेंस को दुरुस्त करते हुए बुधवार को होने वाले मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी को हराना होगा या कम से कम ड्रॉ खेलना होगा। पहले मैच में वेल्स को 3-1 से हराने के बाद दुनिया की तीसरे नंबर की टीम इंग्लैंड के खिलाफ भारत को डिफेंस की गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा।



### पाकिस्तान अगर हारता है तो हो जाएगा बाहर

पाकिस्तान अगर हारता है तो बाहर हो जाएगा जबकि वेल्स को अगले दौर में जाने के लिए इंग्लैंड को काफी बड़े अंतर से हराना होगा क्योंकि भारत का गोल औसत उससे बेहतर है। अगर भारत दूसरे दौर में जाता है तो इस पूल से उसके कोई अंक आगे नहीं जाएंगे जबकि भारत की हार के कारण इंग्लैंड तीन अंक लेकर जाएगा। आठ बार की ओलंपिक चैंपियन भारत और चार बार की विश्व कप विजेता पाकिस्तान के बीच भले ही मैदानी प्रतिद्वंद्विता का गौरवशाली इतिहास रहा हो लेकिन एशियाई दिग्गजों के बीच पिछले लगभग सभी मुकाबले बेमेल रहने से वह रोमांच खत्म हो गया है।

### भारत का पलड़ा भारी

मौजूदा फॉर्म को देखते हुए भारत का पलड़ा भारी लग रहा है लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ मैच सिर्फ कौशल का नहीं होता, खिलाड़ियों को जज्बात पर काबू रखकर भी खेलना होगा। भारतीय टीम ने हालांकि विश्व कप से ठीक पहले लंदन में प्रो लीग के यूरोप चरण में पाकिस्तान पर 7-1 और 4-3 से जीत दर्ज की थी। पाकिस्तानी टीम ने आखिरी बार भारत को 2014 चैंपियंस ट्रॉफी में हराया था। उसके बाद से भारत और पाकिस्तान के प्रदर्शन ग्राफ में जमीन आसमान का अंतर आ गया है। भारतीय टीम लगातार दो ओलंपिक पदक जीत चुकी है जबकि विश्व कप की सबसे सफल टीम रही चार बार की चैंपियन पाकिस्तान टूर्नामेंट में आठ साल बाद लौटी है।

### भारत को गलतियों में सुधार करना होगा

400 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके भारत के सबसे अनुभवी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह ने हालांकि कहा कि विश्व कप में किसी भी टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता और भारत को गलतियों में सुधार करके उतरना होगा। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान से मैच अच्छा होगा लेकिन हम उन्हें हल्के में नहीं आंक रहे हैं। उनके पास भी अच्छे ड्रैग फ्लिकर हैं लिहाजा हमें उन्हें पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना होगा। इसके अलावा अपने लिए मौके बनाने होंगे और उन्हें भुनाना भी होगा।'

### सुब्रतो कप: मेघालय ने चंडीगढ़ को 2-0 से दी मात

नई दिल्ली। मेघालय ने 65वें सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के जूनियर बालिका (अंडर-17) वर्ग में मंगलवार को यहां चंडीगढ़ पर 2-0 की जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया। एयर मार्शल एस. शिवकुमार वीएसएम ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता भारोत्तोलक लवप्रीत सिंह समारोह में विशेष अतिथि रहे। एयर मार्शल शिवकुमार ने कहा, '' 65वां सुब्रतो कप भारत में फुटबॉल के प्रति लोगों के बढ़ते उत्साह को दिखाता है। यह टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देगा और फुटबॉल खेलने के लिए प्रेरित करेगा।'' जूनियर बालिका वर्ग में कुल 36 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन टीमों को आठ समूहों में बांटा गया है।

### प्रज्ञानानंदा ने कारुआना को बराबरी पर रोका

सेंट लुइस (अमेरिका)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सिंकफील्ड कप के सातवें दौर में अमेरिका के फैबियानो कारुआना के खिलाफ काले मोहरों से संघर्षपूर्ण ड्रॉ खेलकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

इस परिणाम के बाद भारतीय खिलाड़ी चार अंकों के साथ कारुआना और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। अमेरिका के वेस्ली सो 4.5 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। प्रज्ञानानंदा का यह परिणाम ग्रैंड चेस टूर के साल के अंत में होने वाले ग्रैंड फिनाले में जगह बनाने की उनकी संभावनाओं के लिए भी अहम है। चार लाख 75 हजार डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में अब केवल दो दौर बाकी हैं।

## क्लीन अप कंपनी का ट्रेलर रिलीज दिखा क्राइम करने का नया तरीका



मुंबई। इन दिनों रवि किशन बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी की दुनिया तक में छाए हुए हैं। मंगलवार को अभिनेता की आगामी सीरीज 'क्लीन अप कंपनी' का ट्रेलर रिलीज हुआ। अगर किसी लाश को ठिकाने लगाना ही एक नया बिजनेस शुरू करने का मौका बन जाए तो क्या होगा? इसी कहानी की झलक सीरीज 'क्लीन अप कंपनी' के ट्रेलर में दिखी। इसमें रवि किशन के अलावा कई चर्चित कलाकार भी नजर आ रहे हैं। सीरीज 'क्लीन अप कंपनी' के ट्रेलर में राजू, स्वपन और गोल्डी तीन दोस्त हैं, जिन्हें मजबूरी में एक गैंगस्टर के लिए लाशें ठिकाने लगाने का काम मिलता है। इस मुश्किल से बचने के लिए तीनों दोस्त अपनी खुद की क्लीन-अप कंपनी शुरू कर देते हैं।

लाइफ Style

# हर्षिता

## इंजीनियरिंग छोड़ चुनी ग्लैमर की दुनिया



एजेंसी ▶▶ मुंबई

जब 'मिर्जापुर: द मूवी' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हुआ तो पूर्वांचल की गद्दी को लेकर छिड़ी जंग के बीच दर्शकों की निगाहें एक बार फिर उस शांत, लेकिन मजबूत चेहरे पर जा टिकीं, जिसने गोलियों की तड़तड़ाहट के बीच भी अपनी एक अलग छाप छोड़ी है।

हम बात कर रहे हैं गुड्डू पंडित की बहन 'डिम्पी पंडित' की। सिनेमाघरों में बड़े पर्दे पर पहली बार उतर रही इस फ्रैंचाइजी में जहां कालीन भैया, गुड्डू और मुन्ना भैया के बीच वर्चस्व की लड़ाई नए मुकाम पर पहुंचेगी, वहीं डिम्पी का किरदार भी कहानी के केंद्र में नजर आएगा। लेकिन, इस सादगी भरे किरदार को पर्दे पर जीवंत करने वाली अभिनेत्री हर्षिता गौर की वास्तविक जिंदगी किसी फिल्मी पटकथा से कम दिलचस्प नहीं है। दिल्ली के एक प्रतिष्ठित संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में बीटेक की पढ़ाई पूरी करने वाली हर्षिता गौर पढ़ाई-लिखाई में हमेशा अव्वल रहीं। वे एक स्कॉलरशिप होल्डर छात्रा थीं, जिनके सामने कॉर्पोरेट जगत के कई रास्ते खुले थे। हालांकि, उनकी किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। तकनीक और सर्किट बोर्ड्स की दुनिया से निकलकर उन्होंने अपनी रचनात्मकता को उड़ान देने का फैसला किया। उन्होंने विज्ञापन जगत से अपने सफर का आगाज किया और जल्द ही डाबर वाटिका, सनसिल्क और रेनॉल्ट जैसे देश के अग्रणी ब्रांड्स का चेहरा बन गईं। कैमरे के सामने उनकी सहजता ने निर्देशकों का ध्यान खींचा, जिसके बाद 2013 में आए यूथ शो 'सड्डा हक' में मुख्य भूमिका निभाकर उन्होंने अभिनय की दुनिया में अपना पहला कदम मजबूती से रखा।

### हॉलीवुड मसाला

## द बीटल्स बायोपिक की शूटिंग शुरू



लॉस एंजिल्स। द बीटल्स बायोपिक फिल्म के स्टार्स पॉल मेस्कल, जोसफ क्विन, बैरी कोघन और हैरिस डिकिंसन को लंदन के मशहूर एबी रोड पर शूटिंग करते हुए देखा गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सभी कलाकार फिल्म के लिए बीटल्स के आइकॉनिक एल्बम कवर को रीक्रिएट करते नजर आए। खास बात यह है कि बीटल्स की कहानी सिर्फ एक फिल्म में नहीं, बल्कि चार अलग-अलग फिल्मों में दिखाई जाएगी। हर फिल्म बैंड के एक सदस्य की नजर से उसकी कहानी दिखाएगी।



## नियू लाई को कहा सबसे घटिया फिल्म, निकली ब्लॉकबस्टर

लॉस एंजिल्स। चीन के बॉक्स ऑफिस पर कुछ ऐसा हुआ है, जिसने सबको हैरान कर दिया। एक चाइनीज एनिमेशन फिल्म है 'नियू लाई', जिसमें घटिया एनिमेशन और अजीब स्टोरीलाइन की वजह से खूब आलोचना हुई। इतनी कि इस फिल्म का डिजास्टर होना तय माना जा रहा था। लेकिन, दंग करने वाली बात यह है कि ये नेगेटिव बातें, फिल्म के लिए वरदान साबित हुई हैं। अब हालात ये हैं कि महज ₹1 लाख में बने लोगों की कमाई इस फिल्म ने चीन के बॉक्स ऑफिस पर 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' और 'द ओडिसी' को कमाई के मामले में टक्कर दे रही है। दरअसल, आप भी यह जानकर चौंक गए होंगे! 'नियू लाई' का मतलब होता है 'गाय आ गई', इस फिल्म को शिन यूमेंग ने डायरेक्ट किया है और सुन यिफान ने इसकी कहानी लिखी है।

## गुड्डू- बबलू की लव लाइफ की मिली झलक



मुंबई। फिल्म मिर्जापुर: द मूवी का गाना बारूं फॉरएवर मेकर्स ने मंगलवार को रिलीज कर दिया है। फिल्म के इस गाने को फ्रैंचाइजी की पहली किश्त से ही काफी पसंद किया जा रहा था। मगर अब इस पुरानी धुन को ही नए तरीके से पेश किया गया है। यह गाना 2020 में रिलीज हुई मिर्जापुर सीरीज में भी इश्क का एहसास दिया है। यह गाना काफी पॉपुलर हुआ था। 'बारूं फॉरएवर' को सिंगर रोमी और श्रेया घोषाल ने मिलकर गाया है। म्यूजिक आनंद भास्कर ने कंपोज किया है और लिरिक्स गिन्नी दीवान ने लिखे हैं। गाने में अली फजल और श्रेया पिलगांवकर काफी रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। वह गलियों में घूम रहे हैं। फिल्म मिर्जापुर 4 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की कास्ट में पंकज त्रिपाठी, दिव्येंदु, अली फजल, जितेंद्र कुमार, रवि किशन आदि शामिल हैं।




## सिग्मा की नई रिलीज डेट का ऐलान...

नई दिल्ली। सीएम विजय के बेटे जेसन संजय की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म 'सिग्मा' की नई रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। मेकर्स ने मंगलवार को नई रिलीज डेट का ऐलान किया, इससे पहले फिल्म 31 जुलाई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन उसे टाल दिया गया था। जेसन संजय, एक्टर से मुख्यमंत्री बने विजय के बेटे हैं और 'सिग्मा' डायरेक्टर के तौर पर उनकी पहली फिल्म है। फिल्म की रिलीज डेट बताते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, '2 अक्टूबर को होने वाली इस डकैती ) के लिए तारीख नोट कर लें। सिग्मा बड़े पर्दे पर धूम मचाने के लिए तैयार है'। यानी सिग्मा अब गांधी जयंती पर रिलीज होगी। फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज डेट बदलने के कारण 'सिग्मा' की रिलीज को आगे बढ़ाया गया था; 'जन नायकन' 23 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

### टीवी मसाला



## बॉक्सर लवलीना ने सुनाया बिग बी को बचपन का मजेदार किस्सा

नई दिल्ली। शो 'केबीसी 18' के एक खास एपिसोड में अमिताभ बच्चन के साथ लवलीना बोरगोहेन, इंदु कुमार और शर्मिला ठाकर ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानी साझा की। बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने तो अमिताभ बच्चन के साथ बचपन का किस्सा भी साझा किया, उनके साथ अपना कद नापा और बॉक्सिंग मैच भी खेला। 'केबीसी 18' के प्रोमो में बॉक्सर लवलीना कहती हैं, 'सर बचपन में मुझे स्कूल जाना पसंद नहीं था तो मां ने चाहा कि बॉक्सिंग में जाना होगा। स्कूल से बचने के लिए मैंने बॉक्सिंग को चुना।' दरअसल, आज बॉक्सिंग की वजह से 'केबीसी 18' में आ गई। बता दें कि बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में महिलाओं की 75 किग्रा कैटेगरी में रजत पदक अपने नाम किया था। आगे एक 'केबीसी 18' के एक वीडियो में बॉक्सर लवलीना और अमिताभ बच्चन कद नापने के लिए खड़े होते हैं। लवलीना कद में बिग बी के बराबर ही निकलीं। इस पर अमिताभ बोले, 'आप कद में हमसे बड़ी हैं।' यह सुनकर लवलीना हंस पड़ीं। इसी तरह लवलीना ने अमिताभ बच्चन के साथ एक फ्रेंडली बॉक्सिंग मैच भी खेला। इस मैच का बिग बी ने खूब आनंद लिया। क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का यह 18वां सीजन है। इसका प्रीमियर 10 अगस्त से शुरू हो चुका है। ये शो हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे प्रसारित किया जाता है। इस बार शो की थीम 'सीखना पड़ेगा' है। प्रतियोगियों को अपने व्यावहारिक ज्ञान की शक्ति का इस्तेमाल इस बार शो में करना होगा।

### एकता बड़े परदे पर लाएंगी नागिन की कहानी



नई दिल्ली। टीवी क्वीन एकता कपूर के सास-बहू वाले सीरियल खूब हिट रहे हैं। मगर, टीआरपी के मामले में इससे भी एक कदम रही उनकी 'नागिन' फ्रैंचाइजी। 'नागिन' टीवी शो की शुरुआत साल 2015 में हुई और अब तक इसके सात सीजन आ चुके हैं। लोकप्रियता को देखते हुए एकता कपूर ने अब इसे एक कदम आगे ले जाने का फैसला लिया है। टीवी जगत में 11 साल तक दबदबा बनाए रखने के बाद 'नागरानियां' अब छोटे पर्दे की दुनिया से आगे की तरफ बढ़ेंगी। बीते दिन नाग पंचमी के अवसर पर खुद एकता कपूर ने यह ऐलान किया। अभिनेत्री ने संकेत दिया है कि वे कुछ बड़ा धमाका करने वाली हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि शायद एकता कपूर अब नागिन फ्रैंचाइजी पर कोई फिल्म लेकर आ सकती हैं। एकता कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया। उन्होंने फैंस को नाग पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'कुछ दिलचस्प आने वाला है'।

## क्रांति की मशाल लेकर निकले आजादी के दीवाने द रिवोल्यूशनरीज के किरदारों से उठा परदा

मुंबई। देश की आजादी से पहले 1857 की क्रांति के दौर पर एक वेब सीरीज आ रही है। 'द रिवोल्यूशनरीज' की इस पीरियड एक्शन सीरीज को लेकर काफी चर्चा है। निखिल आडवाणी निर्देशित सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। मंगलवार को इसके किरदारों से परदा उठा है। द रिवोल्यूशनरीज में भुवन बाम, गुरफतेह सिंह और प्रतिभा रांटा अहम भूमिकाओं में हैं। द रिवोल्यूशनरीज' सीरीज में भुवन बाम को स्वतंत्रता सेनानी राजबिहारी बोस की भूमिका में देखा जाएगा। उनके किरदार की झलक साझा करते हुए लिखा है, 'योजना बनाई, विश्वास किया, गर्व के साथ नेतृत्व किया। मिलिए रास बिहारी बोस से'। वीडियो में आजादी-आजादी की पुकार सुनाई दे रही है। इसके साथ कहा जा रहा है, 'अंग्रेजी हुकूमत को ललकारा। खौफ को सामने से पुकारा। चुनौतियों को हंसकर स्वीकारा। नक्शे बदलने वाले आये। सरफिरे 'द रिवोल्यूशनरीज'। फिल्म 'लापता लेडीज' फेम एक्ट्रेस प्रतिभा रांटा इस सीरीज में प्रतिभा लाहिड़ी के रोल में नजर आएंगी। वे निडर क्रांतिकारी बनी दिखी हैं। अंग्रेजों की हुकूमत से आजादी के लिए हाथों में बंदूक थामे



उनका किरदार दमदार है। गुरफतेह सिंह पीरजादा को सीरीज में क्रांतिकारी कल्पिनाथ मुखर्जी की भूमिका में देखा जाएगा, जो अपने साथियों के बीच खास जतिन के नाम से लोकप्रिय थे। अभिनेता रोहित सराफ भी इस सीरीज का हिस्सा हैं और वे महान स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी सचिंद्र नाथ सान्याल का किरदार निभाएंगे। बता दें कि सीरीज 'द रिवोल्यूशनरीज' 11 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

### इस किताब पर आधारित है सीरीज

द रिवोल्यूशनरीज संजीव सान्याल की किताब 'रिवोल्यूशनरीज: द अदर स्टोरी ऑफ हाउ इंडिया वन इट्स फ्रीडम' पर आधारित है। इस सीरीज की कहानी उन बहादुर युवा भारतीय क्रांतिकारियों की है जो ब्रिटिश राज को खत्म करने के लिए सशस्त्र संघर्ष को जरूरी मानते थे। द रिवोल्यूशनरी उनके जीवन, बलिदान और देश के प्रति उनके समर्पण को दिखाती है।

## इमरान की पत्नी परवीन ने मनाया आवारापन 2 की सफलता का जश्न



मुंबई। 'आवारापन 2' की सफलता के बीच इमरान हाशमी की पत्नी परवीन ने सोशल मीडिया पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट शेयर करते हुए अपनी खुशी जाहिर की है। इसी के साथ परवीन ने पति इमरान हाशमी के 23 साल के संघर्ष और समर्पण के बारे में भी खुलकर बात की। इमरान हाशमी की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'आवारापन 2' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और चार दिन में ही इस फिल्म ने देशभर में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 'आवारापन 2' 109.02 करोड़ की कमाई कर चुकी है और दुनियाभर में 130 करोड़ का बॉक्स कलेक्शन कर लिया है। ये सफलता इमरान हाशमी के लिए काफी अहम है, क्योंकि 2008 में रिलीज हुई 'जन्नत' के बाद ये उनकी पहली सोलो हिट है। इस सफलता के लिए इमरान हाशमी ने सालों का इंतजार किया है और अब उनकी पत्नी परवीन ने एक लंबे-चौड़े पोस्ट के जरिए उनके सब्र और समर्पण के बारे में बात की है। परवीन ने इमरान हाशमी के 23 साल के करियर पर एक पोस्ट शेयर किया है और उनके अपने काम के प्रति समर्पण की तारीफ की है। इमरान हाशमी के सब्र और इंतजार के बारे में बताते हुए परवीन ने कैप्शन में लिखा- 'पति इमरान हाशमी, को आज यहां तक पहुंचने में 23 साल का समय लग गया। 23 साल का सब्र, लगन, मेहनत, डेडिकेशन, और अनगिनत दुआएं और प्रार्थनाएं! एक तरफ कुछ शुक्रवार बहुत खुशी और कामयाबी लेकर आए तो कुछ शुक्रवार दिल तोड़ने वाले और निराशाजनक होते थे, लेकिन उन्होंने कभी आगे बढ़ना बंद नहीं किया। इन 23 सालों में वह लगातार कोशिश करते रहे, काम करते रहे। उन्हें यकीन था कि उन्हें उनकी मेहनत का फल एक दिन जरूर मिलेगा!! इंशाअल्लाह। परवीन ने आगे लिखा- 'मैंने उन्हें अपने सभी प्रोजेक्ट्स में अपना जी-जान सब कुछ झोंकते देखा है।

### एक्शन, कॉमेडी, ड्रामा, थ्रिलर से मिलेगा एंटरटेनमेंट का डबल डोज

## 21 से 28 अगस्त के बीच थिएटर में होगा इन फिल्मों का धमाका

*नई दिल्ली। 21 से 28 अगस्त के बीच सिनेमा ऑडियंस को जबरदस्त सरप्राइज मिलने वाला है। थिएटर पर शानदार 7 फिल्में दस्तक देने वाली हैं। एक्शन, कॉमेडी, ड्रामा, थ्रिलर से भरी ये फिल्में थिएटर ऑडियंस के लिए एंटरटेनमेंट का डबल डोज लेकर आने वाली हैं। अगस्त के आने वाले दो हफ्ते सिनेमा लवर्स के लिए खास होने वाले हैं। आने वाले हफ्तों में इस साल की बेस्ट फिल्में बॉक्स ऑफिस पर दस्तक देने वाली हैं। हिंदी से लेकर साउथ सिनेमा के एक्टर्स अपने फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज लाने वाले हैं। अगर आप आने वाले दिनों में मूवी का प्लान बना रहे हैं तो ये लिस्ट आपके लिए है।*

### भारत देश है मेरा

भारत देश है मेरा एक पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म है जिसमें कश्मीर की पॉलिटिक्स को दिखाया जाएगा। खास बात ये है कि इस फिल्म में भजन सम्राट सिंगर अनूप जलोटा नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को आदर्श जैन ने डायरेक्ट किया है जो 21 अगस्त, शुक्रवार को थिएटर में रिलीज हो रही है। ये एक इमोशनल फिल्म है जिसकी कहानी जेम्मा और उसकी बेटी के इर्दगिर्द घूमती है। जेम्मा अपने बचपन के घर में अपनी बेटी की परवरिश करती है और उसे पता चलता है कि उसके पास कुछ शक्तियां हैं। ये फिल्म 21 अगस्त को थिएटर में रिलीज हो रही है।

### 7 डॉग्स

7 डॉग्स नाम की एक अरेबिक फिल्म आने वाली है। इस फिल्म को हिंदी और इंग्लिश भाषा में भी देखा जा सकता है। खास बात ये है कि इस एक्शन अरेबिक फिल्म में सलमान खान और संजय दत्त जैसे एक्टर्स ने भी काम किया है। ट्रेलर में इन दोनों एक्टर्स की झलक देखी गई है। अब इस फिल्म का इंतजार हो रहा है। ये फिल्म 21 अगस्त को थिएटर में दस्तक देने वाली है।



**टॉक्सिक** : कन्नड़ सुपरस्टार यश की फिल्म टॉक्सिक का इंतजार लंबे समय से हो रहा है। इस फिल्म में एक्टर का एकदम अलग अवतार नजर आने वाला है। गीतू मोहनदास के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में नयनतारा, कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया, हुमा कुरैशी जैसी एक्ट्रेस नजर आने वाली हैं। फिल्म का इंतजार खत्म हुआ। फिल्म 26, बुधवार को थिएटर में दस्तक देने वाली है।

**खतरनाक सफर हार्ड राइड** : खतरनाक सफर हार्ड राइड एक ऑस्ट्रेलियाई फिल्म है जिसका असली नाम 'हार्ड राइड' है। ये एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है जिसकी कहानी अफगानिस्तानयुद्ध के तीन रिटायर्ड सैनिकों के इर्दगिर्द घूमती है। फिल्म 21 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**खोसला का घोसला 2** : साल 2006 में आई अनुपम खेर की फिल्म खोसला का घोसला को ऑडियंस ने पसंद किया था। अब इसका दूसरा पार्ट रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म 28 अगस्त को रिलीज होगी।

**भोगी** : एक और पैन इंडिया फिल्म भोगी थिएटर में दस्तक देने वाली है। ये एक तेलुगू एक्शन फिल्म है जिसमें शरवानंद, अनुपमा परमेश्वरन ने लीड किरदार निभाया है। फिल्म 28 कअगस्त को रिलीज हो रही है।

**जीवन बीमा योजना** : अरशद वारसी अपनी डार्क क्राइम कॉमेडी थ्रिलर फिल्म जीवन बीमा योजना लेकर आए हैं। इस फिल्म को अभिषेक डोगरा ने डायरेक्ट किया है। वहीं अरशद वारसी ने पहली बार डबल रोल निभाया है। ये फिल्म 28 अगस्त को रिलीज हो रही है।

# विश्व छायांकन दिवस पर ललित कला संस्थान में छायांकन प्रतियोगिता, धरोहरों और संस्कृति को कैमरे में उतारने जुटे विद्यार्थी

## -फ्रेम में उतरी झांसी की विरासत, विश्व छायांकन दिवस पर 75 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** विश्व छायांकन दिवस 2026 के उपलक्ष्य में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के ललित कला संस्थान में बुधवार को छायांकन प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में छायांकन कला के प्रति रुचि एवं तकनीकी समझ विकसित करने के साथ-साथ झांसी की ऐतिहासिक धरोहरों, प्राकृतिक परिवेश, स्थानीय संस्कृति और जनजीवन को कैमरे के माध्यम से अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित करना रहा। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए झांसी एवं उसके आसपास के विभिन्न ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण कर अपने कैमरों में विविध दृश्यों को कैद किया।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने झांसी की ऐतिहासिक विरासत, स्थापत्य कला, प्राकृतिक वातावरण, स्थानीय जीवनशैली और आसपास के सांस्कृतिक परिवेश को अपनी दृष्टि एवं कलात्मक कौशल के अनुरूप छायांकित किया। विद्यार्थियों द्वारा किए गए छायांकन में विषय चयन, प्रकाश एवं छाया का संतुलन, फ्रेमिंग, कम्पोजिशन तथा दृश्य की संवेदनात्मक अभिव्यक्ति जैसे विभिन्न पक्षों को प्रमुखता दी गई। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को यह अवसर भी प्राप्त हुआ कि वे कक्षा में प्राप्त कलात्मक एवं तकनीकी ज्ञान को वास्तविक परिवेश में प्रयोग करते हुए छायांकन की व्यावहारिक बारीकियों को समझ सकें। कार्यक्रम के अवसर पर झांसी के वरिष्ठ छायाकार श्री राजीव दुबे एवं वरिष्ठ छायाकार श्री नंदकुमार को छायांकन के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। ललित कला संस्थान की समन्वयक डॉ. श्वेता पाण्डेय ने दोनों वरिष्ठ छायाकारों को शाल, श्रीफल एवं सम्मानपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ छायाकारों का अनुभव विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है और ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को कला की समृद्ध परंपरा से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ छायाकार श्री नंदकुमार ने छायांकन कला की विशिष्टता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छायांकन एक ऐसी अद्वितीय कला है जिसमें छायाकार को सही क्षण की पहचान के साथ तत्काल निर्णय लेना पड़ता है। उन्होंने कहा कि किसी दृश्य को कैमरे में कैद करने का अवसर कई बार केवल कुछ सेकंड का होता है। यदि उस क्षण को पहचानकर तत्काल क्लिक न किया जाए तो विषय अपने स्वरूप में बदल सकता है और वह महत्वपूर्ण दृश्य दोबारा उसी रूप में उपलब्ध नहीं होता। उन्होंने विद्यार्थियों को छायांकन में तत्परता, धैर्य और एकाग्रता के साथ-साथ कम्पोजिशन की समझ विकसित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि एक अच्छे छायाचित्र में केवल विषय का होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण है कि विषय को फ्रेम में किस प्रकार संयोजित किया गया है। वरिष्ठ छायाकार श्री राजीव दुबे ने विद्यार्थियों को कैमरे की विभिन्न तकनीकों एवं छायांकन की व्यावहारिक बारीकियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी केवल किसी दृश्य को कैमरे में दर्ज करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि स्मृतियों को संरक्षित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि एक अच्छा छायाचित्र किसी व्यक्ति, स्थान अथवा घटना से जुड़ी स्मृति को लंबे समय तक सुरक्षित रखने में सक्षम होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को कैमरे की तकनीकी क्षमताओं को समझने और परिस्थितियों के अनुरूप उनका रचनात्मक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। ललित कला संस्थान की समन्वयक डॉ. श्वेता पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान समय में छायांकन कला की जानकारी विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। कला शिक्षा के क्षेत्र में फोटोग्राफी का महत्व निरंतर बढ़ रहा है और विद्यार्थियों को इसके तकनीकी एवं रचनात्मक दोनों पक्षों की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संस्थान के विद्यार्थियों को छायांकन की तकनीकी समझ के साथ विभिन्न फोटोग्राफी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए, ताकि वे अपनी प्रतिभा और कौशल के माध्यम से संस्थान एवं विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास, अवलोकन और प्रयोग के माध्यम से अपनी छायांकन दृष्टि विकसित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. सुनीता, गोविंद यादव, डॉ. अजय कुमार गुप्ता, गजेंद्र सिंह, डॉ. बृजेश कुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. रानी शर्मा एवं डॉ. अंकिता शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने छायांकन के विभिन्न आयामों, तकनीकी पक्षों, विषय चयन, प्रकाश व्यवस्था, कम्पोजिशन तथा रचनात्मक दृष्टिकोण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों के साथ साझा की। उन्होंने कहा कि छायांकन केवल तकनीक आधारित कार्य नहीं है, बल्कि इसमें छायाकार की दृष्टि, संवेदना, कल्पनाशीलता और विषय को देखने का नजरिया भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। छायांकन प्रतियोगिता में 75 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों द्वारा झांसी की धरोहरों, प्राकृतिक दृश्यों एवं स्थानीय सांस्कृतिक परिवेश को कैमरे के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता एवं आयोजन में सहभागिता करने वाले 75 से अधिक प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। आयोजकों के अनुसार विश्व छायांकन दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को छायांकन की तकनीकी समझ प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें अपने आसपास के परिवेश को एक रचनात्मक दृष्टि से देखने के लिए प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रहा। झांसी की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक विविधता को विद्यार्थियों की दृष्टि से कैमरे में दर्ज करने के इस प्रयास ने कला, तकनीक और स्थानीय विरासत के बीच एक सार्थक संवाद स्थापित किया।

# वूमेन पावर ग्रुप ने मनाया हरियाली तीज उत्सव



( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी।** वूमेन पावर ग्रुप द्वारा हरियाली तीज के पावन पर्व पर हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ भव्य हरियाली तीज उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर उत्सव की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर तीज के गीत, नृत्य, मनोरंजक खेल एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में महिलाओं ने एक-दूसरे को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दीं और भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को जीवंत रखने का संकल्प लिया। आयोजन में उपस्थित महिलाओं ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आपसी मेल-जोल,और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हैं। वूमेन पावर ग्रुप की पदाधिकारियों ने सभी महिलाओं का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय पर्व हमारी संस्कृति की पहचान हैं और इन्हें मिल-जुलकर मनाने से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम का समापन सभी के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना के साथ हुआ इस मौके पर सोनिया चड्ढा, रविन्द्र कौर भामरा, जया सेन, शैफाली राय, परमजीत भोगल,चन्दना डे, सोमा डे, रमनदीप भोगल, राजिंदर भामरा, पूजा चंगानी, अर्चना बबेले, अन्नू भोगल, रेनू नैय्यर, अर्चना अवस्थी, सिमरन चड्ढा आदि मौजूद रहीं

# पुलिस लाइन झाँसी में नवनिर्मित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का उद्घाटन



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** पुलिस लाइन झाँसी में पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी आकाश कुलहरि द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी बीबीजीटीएस मूर्ति की गरिमामयी उपस्थिति में नवनिर्मित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का उद्घाटन किया गया।

नवनिर्मित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष पुलिस विभाग में आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस सुविधा के माध्यम से उच्चाधिकारियों द्वारा आयोजित समीक्षा बैठकों, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं विभिन्न महत्वपूर्ण बैठकों में जनपद के अधिकारीगण सुगमता एवं प्रभावी ढंग से प्रतिभाग कर सकेंगे। इससे पुलिस कार्यप्रणाली में समयबद्धता, बेहतर समन्वय एवं त्वरित निर्णय-प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी ।उद्घाटन के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक महोदय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष की व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध तकनीकी सुविधाओं का अवलोकन किया गया तथा पुलिसिंग में आधुनिक तकनीक के अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री अरविन्द कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक साइबर श्रीमती अरीबा नोमान, क्षेत्राधिकारी लाइन श्रीमती असमा वकार, प्रतिसार निरीक्षक श्री पन्नालाल मौर्य सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# करगुवां जी में गाजे बाजे के साथ निकली श्री जी की पालकी

## -धूमधाम से मनाया गया भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक,निर्वाण लाडू समर्पित किया



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** अतिशय क्षेत्र करगुवांजी में चल रहे 48 दिवसीय 1008 भक्तामर महा मण्डल आराधना विधान के सोलहवें दिन बुधवार को गणिनी आर्यिका 105 विशाश्री माताजी के ससंघ सानिध्य में सांवलिया सरकार भगवान पार्श्वनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया।

प्रात: 7 बजे श्री जी के विग्रह को स्वर्ण जडित पालकी में विराजमान कराकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में डीजे बैंड पर बज रही धार्मिक गीतों की धुनों पर थिरकते महिला पुरुष जैन श्रद्धालु चल रहे थे। पालकी के साथ पूज्य गणिनी आर्यिका 105 विशाश्री माताजी स्वयं ससंघ चल रही थी , उनके पीछे थिरकते हुए महिलायें एवं पुरुष श्रद्धालु चंवर ढुराते हुए चल रहे थे। करगुवां जैन मंदिर से प्रारंभ हुयी शोभायात्रा मेडिकल कालेज के गेट नं 1 से वापस आकर मंदिर प्रांगण में विसर्जित हुयी। इस मौके पर मंगल देशना देते हुए विशाश्री माताजी ने कहा कि प्रतिवर्ष श्रावण शुक्ल की सप्तमी को भगवान पार्श्वनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया जाता है। उन्होंने तमाम संकटों के साथ तप करते हुए श्रावण कूट पर आज ही के दिन निर्वाण प्राप्त किया था। आपने कहा कि तीर्थंकर आदिनाथ ने हम सबको यही संदेश दिया है कि आपकी तप और साधना के मार्ग में कितने ही संकट आयें पर उनसे घबराना नहीं चाहिए। सोलहवें दिवस बुधवार के पुण्यार्जक पंचम लाल,निर्मल कुमार जैन, नितिन बड़कुल, श्रीमती सरोज, अनुप्रिया, नित्यम जैन एवं समस्त परिवार चिरगांव,एवं चंद्रप्रभु जिनालय महिला मंडल रहे,जिन्होंने शांतिधारा का सौभाग्य प्राप्त किया एवं माताजी को शास्त्र भेंटकर समस्त धार्मिक क्रियायें सम्पन्न कराते हुए अर्घ समर्पित किये। संचालन दिगम्बर जैन पंचायत समिति के महामंत्री कमल जैन एवं करगुवांजी मंत्री शिरोमणि जैन ने किया।अंत में निर्माण मंत्री भागचंद जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, इं बालचंद्र जैन, चौधरी जितेंद्र जैन तालबेहट, प्रीति शिरोमणि जैन, श्रीमती रानी भागचंद जैन, सरोज जैन,अनीता जैन, रवींद्र जैन रेल्वे, श्रीमती अलका डा.पीके जैन, डा.राजीव सिंघई, संजय सिंघई,संजय कर्नल, विनोद जैन ठेकेदार,नीलेश मोदी, गोली मोदी,रौनक जैन, अनिल बाजा,ऋषभ जैन,कुलदीप जैन, पारस भैया, सिद्धार्थ जैन सत्यजीत जैन सचिन जैन रेलवे ऑफीसर राजेंद्र जैन संतोष जैन जल निगम अक्षत जैन सुभाष जैन बिजली अशोक जैन सुनील जैन कुलदीप जैन प्रदीप जैनआदित्य संजय जैन छतरपुर रौनक जैन श्रीमती सरोज जैन श्रीमती रानी जैन श्रीमती शैली जय श्रीमती श्वेता जैन श्रीमती आरती जैन श्रीमती वैशाली जैन श्रीमती रचना जैन और श्रीमती बबली चाची असिता दीदी प्रिंसी दीदी श्रीमती ज्योति जैन श्रीमती किरण जैन श्रीमती शुभी श्रीमती प्रीति कुलदीप जैन, डॉ अमित जैन श्रीमान मनोज अछरौनी रवि कंधारी विजय जैन पंचकुइया ,राजीव शिवाजी राजेंद्र जी विजना,अमित जैन रौनक जैन दीपक जैन सत्यजीत जैन सिद्धार्थ जैन विकास जैन प्रदीप जैन राजेंद्र मुनीम अक्षय जैन प्रिंस जैन श्रेयांश जैन आदि मौजूद रहे।

# 10 देशों के 19 विशेषज्ञ करेंगे कटे होंठ-तालु से पीड़ित 80 मरीजों की नि:शुल्क सर्जरी

## -वीरांगना फाउंडेशन, ऑपरेशन स्माइल इंडिया और महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में 1 से 6 सितंबर तक आयोजित होगा शिविर



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** सांसद अनुराग शर्मा की पहल पर जन्मजात कटे होंठ एवं तालु की समस्या से पीड़ित मरीजों के लिए झांसी में करीब 2 वर्ष बाद एक बार फिर नि:शुल्क सर्जिकल शिविर आयोजित किया जाएगा। 1 से 6 सितंबर तक आयोजित होने वाले शिविर में वीरांगना फाउंडेशन, ऑपरेशन स्माइल इंडिया और महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले शिविर में 10 देशों के 19 विशेषज्ञ मरीजों का उपचार करेंगे। यह जानकारी पत्रकार वार्ता के दौरान सांसद अनुराग शर्मा ने दी।

30 अगस्त 2026 को सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक, महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में करीब 120 मरीजों की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके बाद 1 से 6 सितंबर तक करीब 75 से 80 मरीजों की नि:शुल्क सर्जरी प्रस्तावित है। अब तक उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के करीब 15-17 जिलों से 60-65 मरीजों का पंजीकरण एवं चिन्हांकन किया जा चुका है। इससे पहले फरवरी 2024 में आयोजित शिविर में 220 मरीजों की स्क्रीनिंग हुई थी और 113 मरीजों की सफल सर्जरी की गई थी। उस शिविर में 16 देशों के 32 चिकित्सकों ने सेवाएं दी थीं। इस बार मेक्सिको, पेरू,यूएसए,कॉन्गो, नीदरलैंड्स, यूके,कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मलावी और फिलीपींस से विशेषज्ञ चिकित्सक एवं नर्सिंग वॉलंटियर्स शामिल होंगे। मरीजों को जांच, ऑपरेशन, दवाइयां और अन्य चिकित्सा सुविधाएं नि:शुल्क मिलेंगी। दूर-दराज से आने वाले मरीजों और परिजनों के लिए आने-जाने तथा मेडिकल कॉलेज की धर्मशाला में ठहरने की व्यवस्था भी नि:शुल्क रहेगी। सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि आर्थिक अभाव के कारण कोई बच्चा उपचार से वंचित न रहे, यही इस अभियान का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों का झांसी आकर सेवा देना पूरे बुंदेलखंड के लिए गौरव की बात है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे कटे होंठ या तालु की समस्या से पीड़ित बच्चों को शिविर तक लाएं और समाज के लोग भी जरूरतमंद परिवारों को इसकी जानकारी दें। पत्रकार वार्ता में मेडिकल सीएमएस डॉ. सचिन माहौर, डॉ. ओम शंकर चौरसिया सप्ताह भर तक चलेगी स्पीच थैरेपी पत्रकार वार्ता में बताया गया कि न बोल पाने वाले बच्चों के लिए सप्ताह भर तक स्पीच थैरेपी भी चलाई जाएगी।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718